


दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-38 | सीहोर, बुधवार 26 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## कश्मीर में खत्म हुआ अलगाववाद : शाह का दावा

नई दिल्ली,(ए)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को ट्वीट कर बड़ा दावा किया कि कश्मीर में अलगाववाद अब इतिहास की बात हो चुका है। पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को जड़ से खत्म कर दिया है।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने ट्वीट में लिखा, कि हुर्रियत के दो संगठनों, जम्मू-कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। यह भारत की एकता को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा, कि मैं सभी ऐसे समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और अलगाववाद को हमेशा के लिए समाप्त करें।

गौरतलब है कि गृहमंत्री शाह ने संसद में भी इस मुद्दे को उठाया था और कहा था, कि कश्मीर में अलगाववादियों द्वारा किए जाने वाले पथराव और हड़ताल का दौर अब समाप्त हो चुका है।



उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद से क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। सदन को शाह ने बताया कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में 70 फीसदी तक की गिरावट आई है। गृह मंत्रालय (एमएचए) के कामकाज पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि इस कदम ने राज्य में स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

संविधान निर्माताओं का सपना हुआ साकार

शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को समाप्त कर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने संविधान निर्माताओं के सपने को पूरा किया, जिन्होंने इसे अस्थायी प्रावधान कहा था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 34 वर्षों तक कश्मीर में सिनेमा हॉल बंद रहे और मुहर्रम के जुलूस निकालने की अनुमति नहीं थी, लेकिन अब सिनेमा हॉल फिर से खुल गए हैं और लोग शांतिपूर्वक मुहर्रम के जुलूस निकाल रहे हैं।

### कश्मीर को मिला वैश्विक मंच

गृहमंत्री शाह ने कश्मीर में सफलतापूर्वक आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने कश्मीर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कर दिया है और यह क्षेत्र अब दुनिया भर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

## लोकसभा में पास हुआ फाइनेंस बिल 2025

नई दिल्ली, (आरएनएस)। लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल 2025 पास हो गया। इसमें 35 सरकारी संशोधन शामिल हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लागू करने के लिए यह एक अहम प्रक्रिया है। फाइनेंस बिल 2025 पर हुई डिबेट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाना और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2025-26 के बजट प्रस्तावों से घोषित सीमा शुल्क के युक्तिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ रही है।

## तीसरे दिन भी कठुआ में आतंकियों को तलाश रहे सुरक्षाकर्मी, गोला-बारूद मिले



जम्मू(ए)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ चल रहा अभियान मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी है। राइजिंग स्टार कॉर्प्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर जब्त हथियारों की तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, अभियान जारी है।

अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। संयुक्त बलों द्वारा यह अभियान तब शुरू किया गया जब एक स्थानीय महिला अनीता देवी और उनके पति गणेश कुमार ने आतंकवादियों को उस समय देखा जब वे जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने गए थे। इस इनपुट के आधार पर संयुक्त बलों ने कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में इंटरनेशनल ब्यूरो के पास सान्याल गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा, सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सहित संयुक्त बलों ने छिपे हुए आतंकवादियों की तलाश शुरू की।

आतंकियों ने जब खुद को घिरा देखा तो सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। रविवार शाम सात बजे के बाद से मंगलवार सुबह तक छिपे हुए आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एक भी गोलीबारी नहीं हुई, जिसके बाद संयुक्त बलों ने कहा कि घेरे गए क्षेत्र के अंदर से फिर से कुछ गोलियों की आवाज सुनी गई। अधिकारियों ने बताया, पूरे वन क्षेत्र को घेर लिया गया है, जहां तीन से पांच आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है।

## प्रयागराज में चले बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई लगाम, तोड़े गए घर फिर से बनेंगे!

प्रयागराज (ए.)। बुलडोजन एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाम कसकर उन लोगों को राहत दी है जिनके घर तोड़ दिए गए थे। मामला प्रयागराज का है जहां जमीन के हिस्से को गैंगस्टर अतीक अहमद का मानकर राज्य सरकार की तरफ से घरों को ढहा दिया गया था। भारत के शीर्ष न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को न सिर्फ घर दोबारा बनाने की अनुमति देने का रास्ता दिखाया है, बल्कि राज्य सरकार को कड़े शब्दों में हिदायत दी है। दरअसल, याचिकाकर्ताओं की तरफ से अदालत को बताया गया था कि जमीन के हिस्से को गैंगस्टर अतीक अहमद का मानकर राज्य सरकार की तरफ से घरों को ढहा दिया गया था। इस मामले पर जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच सुनवाई की। बेंच का कहना है कि याचिकाकर्ताओं को ढहाए गए घरों को अपने खर्च पर दोबारा बनाने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, इसमें कुछ शर्तें शामिल की गई हैं। जैसे तय समय में अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करनी होगी। अदालत ने कहा कि अगर उनकी अपील खारिज हो जाती है तो याचिकाकर्ताओं को अपने खर्च पर घरों को ध्वस्त करना होगा।





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उज्जैन के अंबोदिया में सेवाधाम आश्रम में दिव्यांगजनों को उपहार भेंट किए।

## लू को लेकर मौसम विभाग का अलर्ट, मार्च-मई के बीच 30 दिन चलेगी गर्म हवा

नईदिल्ली (आरएनएस)। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और जल्द ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो जाएगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।आईएमडी के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में दिल्ली और आसपास के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में तापमान 2 से 3 डिग्री अधिक हो जाएगा।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च से मई के बीच 30 से 35 दिन तक लू चलने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान भले ही 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास हो, लेकिन गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है।गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच है।

## के. ए. पॉल ने सुप्रीम कोर्ट में जुआ और सट्टेबाजी ऐप्स पर बैन लगाने के लिए दायर की जनहित याचिका

### सेलिब्रिटी प्रमोटर्स पर कार्रवाई की मांग, सरकार से सख्त कानून बनाने की अपील

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रसिद्ध धर्म प्रचारक और ग्लोबल पीस प्रेसिडेंट डॉ. के. ए. पॉल ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर देश में चल रहे सट्टेबाजी और जुए के ऐप्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि ये ऐप्स युवाओं को बर्बाद कर रहे हैं और कई परिवारों को संकट में डाल रहे हैं। नई दिल्ली के आंध्र भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार से तुरंत कदम उठाने की अपील की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुआ उन्होंने कहा, तेलंगाना में बीते साल 978 युवाओं ने ऑनलाइन जुए की वजह से अपनी जान दे दी। यह केवल एक राज्य की स्थिति है, पूरे देश में न जाने कितने घर बर्बाद हो चुके हैं, कुछ कंपनियों के मुनाफे के लिए लाखों परिवारों को दुख में नहीं डाला जा सकता। डॉ. पॉल ने बताया कि आज सुबह ही उनकी भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद से मुलाकात हुई है, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया है कि यह मुद्दा इस हफ्ते संसद में उठाया जाएगा।

## जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए वकील

प्रयागराज (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादला होने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया है। इस तबादले के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कहा कि उनकी मांग को जब तक माना नहीं जाएगा बेमियादी हड़ताल जारी रहेगी।

आज सुबह से हाईकोर्ट के गेट नंबर 3 पर वकील जमा होने लगे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वकीलों की मांग है कि जस्टिस वर्मा का तबादला तुरंत रोका जाए। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक उनकी डिमांड पूरी नहीं हो जाती। उनका आरोप है कि एक ऐसे जज को,



जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, इलाहाबाद भेजकर सम्मानित किया जा रहा है। विक्रांत पांडेय ने कहा, यह संदेश दिया जा रहा है कि दिल्ली ज्यादा साफ-सुथरी जगह है, और वहां ऐसे लोग नहीं रह सकते, लेकिन इलाहाबाद में इसे स्वीकार कर लिया गया। यह हमें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। अगर न्यायपालिका की शुद्धता पर कोई दाग लगेगा, तो हम इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं, एक अन्य अधिवक्ता दिनेश यादव ने कहा कि इस मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट कोई प्रयोगशाला नहीं है, जहां किसी के साथ प्रयोग किया जाए। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहां के लोग न्याय व्यवस्था से उच्च उम्मीदें रखते हैं। हम यह नहीं होने देंगे कि इलाहाबाद हाईकोर्ट को इस तरह के फैसलों का गवाह बने। उन्होंने कहा कि वकीलों के विरोध का यह मुद्दा केवल एक जज के तबादले तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता और स्वच्छता पर उठते सवालों को भी लेकर है।

## दो बसों में आग लगी, जिंदा जला क्लीनर

### सिंगरौली स्टैंड पर बस में ड्राइवर-कंडक्टर के साथ सो रहा था, बाहर नहीं निकल पाया

सिंगरौली (ए)। सिंगरौली बस स्टेंड पर खड़ी दो बसों में आग लग गई। इनमें से एक बस में सो रहे क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे हुआ। ट्रैफिक थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दोनों बसें पूरी तरह जल चुकी थीं। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ड्राइवर-कंडक्टर बाहर आए, क्लीनर फंस गयापुलिस के मुताबिक, सिंगरौली अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर विजय ट्रैवल्स की बस नंबर सीजी 33ई 0813 और सिद्दीकी बस सर्विस की बस नंबर एमपी17 पी1277 आसपास खड़ी थीं। विजय ट्रैवल्स की बस में अचानक आग लगी, जिसने सिद्दीकी बस को भी चपेट में ले लिया।

## कूनो से बाहर निकली ज्वाला और उसके 5 शावक,भीड़ ने पत्थर मारे



श्योपुर (आरएनएस)। कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले 5 चीतों पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, मौके पर मौजूद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ग्रामीणों से चीतों से दूर रहने का कहती रही, लेकिन वे नहीं माने। घटना सोमवार सुबह की है।

दरअसल, एक महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके 4 शावक शनिवार शाम को पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आ गए थे। चीते रविवार को दोपहर बाद फिर कूनो के जंगल की ओर लौट गए थे।रविवार रात को ये चीते वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखे गए। वे निर्माणाधीन श्योपुर-ग्वालियर ब्रॉडगेज रेल ट्रैक से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर थे।

सोमवार सुबह ये पांचों चीते कूनो सायफन के पास से होते हुए कूनो नदी में पहुंचे। वे निर्माणाधीन रेलवे पुल के नीचे काफी देर तक बैठे रहे। इस दौरान कूनो सायफन से गुजरने वाले राहगीरों की भीड़ चीतों को देखने के लिए जमा हो गई।मादा चीता और शावक एक-एक कर रास्ता पार कर रहे थे, तभी उन्होंने गाय पर झपट्टा मारा। मादा चीता और शावकों को भगाने के लिए ग्रामीण लाठी लेकर दौड़े और पत्थर मारना शुरू कर दिए। चीता ज्वाला काफी देर तक गाय का गला पकड़े रही। जैसे ही उसे पत्थर लगा उसने गाय को छोड़ दिया और शावकों के साथ भाग निकली।





## दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट की ईंधन कम होने के कारण चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग?

चेन्नई(आरएनएस)। दिल्ली के डोमेस्टिक एयरपोर्ट से हर रोज भारत के विभिन्न हिस्सों के लिए 100 से अधिक उड़ानें संचालित हो रही हैं. इनमें कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट भी शामिल है, जिसने सोमवार दोपहर दिल्ली से 172 यात्रियों के साथ उड़ान भरी। उड़ान भरने के बाद बीच हवा में उड़ते समय पायलट को एहसास हुआ कि विमान में ईंधन कम हो रहा है. इसको लेकर उसने हवाई अड्डे के कंट्रोल रूम को सूचित किया और कहा कि इससे विमान को बेंगलुरु में उतारने में समस्या होगी. इसके बाद कंट्रोल रूम के अधिकारियों ने तुरंत विमान को चेन्नई की ओर मोड़ने और वहां ईंधन भरने का आदेश दिया।

## बिजली महंगी करने का फैसला इसी हफ्ते... अप्रैल से लगेगा दर वृद्धि का झटका

### -प्रदेश की तीनों बिजली कम्पनियों ने बताया है 1618 करोड़ का घाटा और नियामक आयोग से साढ़े 7 फीसदी दर वृद्धि की मांग, आपत्तियों का किया निराकरण

भोपाल (ए.)। 1618 करोड़ रुपए के घाटे का हवाला देकर इंदौर सहित प्रदेश की तीनों बिजली कम्पनियों ने पिछले दिनों नियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर कर 7.52 फीसदी दरें बढ़ाने की मांग की। आयोग ने हर बार की तरह दावे-आपत्तियों की सुनवाई की खानापूर्ति कर ली और अब संभवत- इसी हफ्ते बिजली महंगी करने का निर्णय ले लिया जाएगा, ताकि अप्रैल से यह दर वृद्धि लागू की जा सके। इसमें घरेलू, व्यवसायिक से लेकर कृषि सहित अन्य उपभोक्ताओं को अधिक दर चुकाना पड़ेगी। हालांकि जानकारों ने इस बात पर आपत्ति ली है कि बिजली कम्पनियों ने मनगढ़ंत घाटे के आंकड़े पेश किए।एक तरफ बिजली कम्पनियों ने अपना घाटा बताया, तो दूसरी तरफ शासन ने भी 4 हजार करोड़ रुपए का नुकसान बताया है। दरअसल, सस्ती बिजली चुनावी वायदों के चलते देने के कारण भी ये कम्पनियां घाटे में आ गई, जिसका खामियाजा हर साल ईमानदार उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है, क्योंकि ये कम्पनियां इसी तरह हर साल घाटे का हवाला देकर दरें बढ़वा लेती है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इन कम्पनियों ने 54637 करोड़ के राजस्व का अनुमान लगाया, जिसमें 4107 करोड़ का घाटा बताया गया है, जिसमें तीनों बिजली कम्पनियों के घाटे का आंकड़ा 1618 करोड़ रुपए है। इंदौर की बिजली कम्पनी ने 23132 करोड़ रुपए के राजस्व की जरूरत बताई है और वर्तमान में बिजली विक्रय से उसे 21514 करोड़ रुपए हासिल होते हैं, जिसमें 1618 करोड़ रुपए का घाटा है। यानी इतना घाटा तो सिर्फ इंदौर की कम्पनी को ही है और दूसरी तरफ अन्य दोनों कम्पनियों के साथ राज्य शासन ने भी जो घाटा बताया है।




## कर्नाटक में बिल्लियों में फैल रहा खतरनाक एफपीवी वायरस

### 99 प्रतिशत बिल्लियों की मौत

रायचूर (ए)। कर्नाटक के रायचूर जिले में एफपीवी नामक एक खतरनाक वायरस बिल्लियों में तेजी से फैल रहा है, जिससे सैकड़ों बिल्लियों की मौत हो चुकी है। इस वायरस से संक्रमित बिल्लियों के जीवित रहने की संभावना केवल 1 प्रतिशत है, और यह वायरस बहुत तेजी से फैलता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस वायरस से इंसानों और कुत्तों को कोई खतरा नहीं है, लेकिन बिल्लियों के मालिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। एफपीवी वायरस अब पूरे राज्य में फैल चुका है, और यह बहुत तेजी से बिल्लियों को संक्रमित करता है। रायचूर जिले में सौ से अधिक बिल्लियों में यह वायरस पाया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि एक समूह में 10 बिल्लियां हैं, और उनमें से एक संक्रमित है, तो यह वायरस कुछ ही सेकंड में बाकी सभी बिल्लियों में फैल सकता है। इस वायरस से बचने के लिए बिल्लियों के मालिकों को सावधानी बरतनी चाहिए।








# भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -58 करोड 93 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि-पूजन



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गौ-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गौ-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सालरिया में गौ-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डुओं का भोग लगाया। उन्होंने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रूपये का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किये। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गौ-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गौ-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गौ-माता हों, ऐसे गाँव को हम वृंदावन बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गौवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निंरतर कार्य कर रही है, गौ-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गौवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रूपए बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मध्यप्रदेश द्वारा की जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशालाओं बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे है। प्रधानमंत्री के ज्ञान पर ध्यान के मंत्र को साकार करने के लिये प्रदेश सरकार कृत-संकल्पित होकर मिशन मोड में काम कर रही है। प्रदेश में हर एक किसान के खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाले समय में पार्वती-कालीसिंध-चंबल(पीकेसी) लिंक परियोजना से जिले के कृषकों को भी सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में वर्ष-2028 में होने वाला सिंहस्थ का आयोजन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। आयोजन की भव्यता में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के समग्र विकास के लिये रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव (आरआईसी) के साथ ही पहली बार राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन किया। इससे क्षेत्रीय विकास के साथ प्रत्येक क्षेत्र के युवाओं के लिये स्थानीय स्तर पर रोजगार के नवीन अवसर सृजित करने का अभिनव प्रयास सफलतापूर्वक किया है। इनसे प्रदेश में 30 लाख 77 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगर-मालवा जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। चहुमुँखी विकास कर आगर-मालवा को प्रदेश का नम्बर-1 जिला बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगर मे उद्योगों के लिय अपार संभावनाएँ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-अभयारण्य सालरिया में कुण्डालिया डेम से पानी लाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया में आँवले का पौधा रोपा। किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन, शादी-सालगिरह एवं अन्य विशेष अवसर पर पौध-रोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण कर पेड़ के रूप में विकसित करने का संकल्प लें।

## भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम-2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में पलाश होटल, भोपाल में दत्तक ग्रहण विनियम 2022 पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 एवं 26 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बच्चों के कानूनी और नैतिक रूप से गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण के पहले दिन जिलों के प्रतिनिधि एस.जे.पी.यू के अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण एवं बाल गृह के अधीक्षक/प्रबंधक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 26 मार्च को शेष जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे।महिला एवं बाल विकास मंत्री, श्रीमती निर्मला भूरिया ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों के एडॉप्शन से जुड़ी संवेदनाओं को समझने और इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के दत्तक ग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया जाएगा, बल्कि बच्चों को एक उज्जवल भविष्य भी मिलेगा।

**गोद लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर जोर**

आयुक्त महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारुकी वली ने कहा कि विभाग दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के तहत बच्चों के स्थायी पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नैतिक और कानूनी तरीके से गोद लेना बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। यह न केवल बच्चों को एक सुरक्षित और प्यार भरा घर देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाता है। पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री निवास में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने जन्मदिन पर पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# भोपाल में पत्रकार के खिलाफ एफआईआर को गलत बताते हुए पत्रकारो ने किया धरना-प्रदर्शन



भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया के खिलाफ दर्ज किये गये मारपीट और अड़ीबाजी के मामले को गलत बताते हुए जहॉ कटारा हिल्स थाने में शहर के कई पत्रकारों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया वहीं पीएचक्यू पहुंचकर दर्ज प्रकरण को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। जानकारी के मुताबिक शेख अकील ने 20 मार्च को टीला जमालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि एक सफेद बोलेरो गाड़ी ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उन्हें गाड़ी में हुए नुकसान की भरपाई के लिये धमकाते हुए 50 हजार रुपए देने की मांग कर मारपीट की। यह मामला कुलदीप सिसोदिया के नाम पर दर्ज था। पत्रकारों का आरोप है कि एफआईआर में पत्रकार कुलदीप सिंगरोलिया का नाम दर्ज किया गया, कुलदीप सिंगरोलिया के पास ना तो वह गाड़ी है, और ना ही वे घटनास्थल पर मौजूद थे। मामले की जानकारी लगते ही कुलदीप के समर्थन में कई पत्रकार रात को ही कटारा हिल्स थाने पहुंच गये और वही पर धरना दे दिया। समर्थकों का आरोप था कि पुलिस ने बिना ठोस सबूत के उन्हें आधी रात को गिरफ्तार किया। अगली सुबह कटारा हिल्स थाने पर पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ता जुट गये और प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी लगने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव और डीजीपी महेश मकवाना ने भी इस संबध में जानकारी लेते हुए उचित कार्यवाही किये जाने की बात कही। खबर लिखे जाने तक मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने कुलदीप को कोर्ट में पेश किया जहॉ से उन्हें जमानत मिल गई वहीं थाना टीआई को लाइन अटैच कर दिया गया है।

# सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकताओं का होगा प्रशिक्षण

**पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला 18 मार्च को**

भोपाल (निप्र)। केन्द्र सरकार के पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिये राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान नई दिल्ली एवं इंदौर द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षणों के माध्यम से परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया है। पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के उन्मुखिकरण के लिये एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल के होटल रेडिसन में 18 मार्च को प्रात: 9:30 बजे किया जा रहा है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह को बाल चित्रकार ने भेंट किया उनका चित्र

भोपाल(ए)। प्रदेश की उभरती हुई बाल चित्रकार सुश्री शीतल गुप्ता ने स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को उनका चित्र सोमवार को उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुँचकर भेंट किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सुश्री शीतल की अद्भुत कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कला न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। महज 6 वर्ष की उम्र से चित्रकला में रुचि रखने वाली भोपाल की शीतल अब तक 175 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। उनकी कलाकृतियाँ जीवंतता के लिए जानी जाती हैं। इससे पहले उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, प्रदेश की पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को उनके चित्र भेंट किए हैं।

# मैहर स्टेशन पर 15 जोड़ी रेल गाड़ियों का 5 मिनट का हाल्ट

भोपाल (निप्र)। चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 15 जोड़ी रेलगाड़ियों का मैहर स्टेशन पर दिनांक 30 .03.2025 से 12.04.2025 तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है।

**प्रारम्भिक तिथियों से चलने वाली निम्न रेलगाड़ियाँ का मैहर स्टेशन पर ठहराव**

1) गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक। 2) गाड़ी संख्या 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 10.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 12.04.2025 तक। 3) गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:50/20:55 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 07:25/07:30 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 09.04.2025 तक। 4) गाड़ी संख्या 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे दिनाँक 29.03. 2025 से 05.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:40/11:45 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक। 5) गाड़ी संख्या 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 17:20/17:25 बजे दिनाँक 04.04.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:25/22:30 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक।

6) गाड़ी संख्या 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 31.03.2025 से 07.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे दिनाँक 29.03.2025 से 05.04.2025 तक। 7) गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 05:35/05:40 बजे दिनाँक 02.04.2025 से 11.04.2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यात्रि 01:55/02:00 बजे दिनाँक 30.03.2025 से 11.04.2025 तक।

## विक्रांत भूरिया पर कांग्रेस का विश्वास, अहमदाबाद अधिवेशन से पहले सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

भोपाल (आरएनएस)। झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया को कांग्रेस ने एक और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें अहमदाबाद अधिवेशन की ड्राफ्टिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गए है। निवेश प्रस्तावों पर अमल शुरूः 27 इकाइयों में 1127 करोड़ का होगा निवेश, साढ़े 4 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कल देर रात आदेश जारी किया है। 15 सदस्यीय ड्राफ्टिंग कमेटी में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, जयराम रमेश, पी एल पुनिया, सचिन पायलट जैसे कद्दावर नेता हैं। उन सबके बीच विक्रांत भूरिया का भी नाम शामिल है। रणदीप सुरजेवाला इस कमेटी के संयोजक हैं।

9 अप्रैल को एआईसीसी का अधिवेशन होना है। इस अधिवेशन को लेकर पार्टी ने अलग-अलग समितियों का गठन किया है। गौरतलब है कि विक्रांत भूरिया को यह दूसरी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष के बाद महत्वपूर्ण कमेटी में शामिल किया गया है। इसी साल 11 फरवरी को भूरिया को कांग्रेस आदिवासी विभाग का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

# 03259/03260 दानापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

## भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 03259/03260 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु - दानापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 03259 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस**

गाड़ी संख्या 03259 दानापुर - एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 27 मई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर स्टेशन से दोपहर 15:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 07:30 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन दोपहर 14:30 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 03260 एसएमवीटी बेंगलुरु - दानापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस**

गाड़ी संख्या 03260 एसएमवीटी बेंगलुरु - दानापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 29 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को रात 23:50 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु स्टेशन से प्रस्थान कर, तीसरे दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 06:00 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन रात 23:55 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, सतना, जबलपुर, इटारसी जं., नागपुर जं., सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्हारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा जं., गुडुर जं., पेरंबूर, कटपाडी जं., जोलारपेट्टई जं., बंगारपेट जं., व्हाइटफील्ड, एसएमवीटी बेंगलुरु पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राजभाषा पत्रिका मंडल संवाद का विमोचन



भोपाल (निप्र)। दिनांक 25.03.25 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भोपाल में राजभाषा तिमाही प्रगति बैठक के अवसर पर राजभाषा पत्रिका मंडल संवाद के महिला सशक्तिकारण विशेषांक का विमोचन देवाशीष त्रिपाठी , मंडल रेल प्रबंधक भोपाल द्वारा किया गया। बड़े गर्व की बात है कि इस वर्ष मराठा साम्राज्य की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव (300वीं जयंती ) के उपलक्ष्य में मंडल संवाद का यह अंक उन्हें समर्पित किया गया। श्री त्रिपाठी ने इसके लिए बड़ी प्रसन्नता जाहिर की और सभी उपस्थितों को यह अंक पढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने सभी सदस्यों को कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित करने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्रीमती रश्मि दिवाकर , अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेन्द्र बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का सञ्चालन श्रीमती हर्षा मुसलगाँवकर , वरिष्ठ अनुवादक तथा आभार प्रदर्शन प्रदीप कुंडलकर, प्रभारी राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।

# डॉक्टर रिचा पाडे खुदकुशी मामले में पति डॉ.अभिजीत पर केस दर्ज

## प्रेमिका को लेकर पति से होती थी अनबन, दुखी होकर लगा लिये थे एनेस्थीसिया के इंजेक्शन

भोपाल(ए)। शहर के शाहपुरा थाना इलाके में रहने वाली डॉक्टर रिचा पांडे द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने उनके पति अभिजीत पांडे के खिलाफ प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। मृतका रिचा पांडे के परिवार वालो के बयान दर्ज किए गए जिसमें परिवार ने अभिजीत पर रिचा को प्रताड़ित करने सहित उसके कैरेक्टर को लेकर भी आरोप लगाये थे। पुलिस ने परिवार वालो के बयान सहित अन्य बिंदुओ की जॉच के आधार पर पति अभिजीत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस जॉच में टीम को डॉ. रिचा के मोबाइल में वॉट्सएप चैट मिले हैं। इस चैट से खुलासा हुआ है, कि लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद के तनाव और पति के अन्य महिला से संबधो से तंग आकर ही डॉ. रिचा ने खुद को एनेस्थीसिया के पांच इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है की पति अभिजीत की किसी अन्य महिला से काफी नजदीकियां थी, इसकी जानकारी लगने पर पत्नि रिचा ने कई बार पति को समझाने की



कोशिश की थी। लेकिन पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। वॉट्सएप चैट में कई बार विवाद होने पर पति ने रिचा से कहा था- मर जाओ। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह शाहपुरा थाना इलाके में डॉ. रिचा पांडे (25) का शव उनके घर में मिला था। हाथ पर इंजेक्शन के निशान मिले थे। बॉडी में सस्पेक्टेड पॉइजन पाया गया था। पति उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर रिचा पांडे की शादी चार महीने पहले सतना के रहने वाले डॉ. अभिजीत पांडे से हुई थी। अभिजीत डेन्टिस्ट है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि अभिजीत अपनी प्रेमिका पर खूब पैसे खर्च करता था। जब रिचा को यह बात पता चली तो उन्होंने विरोध किया। इसके चलते दोनों के बीच आए दिन झगड़े होने लगे। अधिकारियो का कहना है कि अभिजीत के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। आगे की जॉच में उसके मोबाइल डेटा और क्लीनिक के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है।

## महापौर श्रीमद् भागवत कथा में हुई सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय बावड़िया कला स्थित गौरव ग्रीन्स गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुई और व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर मालती राय सोमवार को बावड़िया कला स्थित गौरव ग्रीन्स गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुई और कथा का श्रवण किया। महापौर राय ने व्यास पीठ की विधिवत पूजा अर्चना कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# इंदौर में मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ऑडिट हुआ, 80 किमी की स्पीड से चली ट्रेन, एयरपोर्ट के लिए भी सर्वे



इंदौर (ए.)। इंदौर में छह किलोमीटर का मेट्रो रुट बनकर पूरी तरह तैयार है। अब अलग-अलग टीमें आकर सेफ्टी ऑडिट कर रही है। मंगलवार को मेट्रो ट्रेक पर कोच का स्पीड ट्रायल हुआ। मेट्रो ट्रेन 80 किलोमीटर का गति से ट्रेक पर चली। इस दौरान कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी जनक कुमार गर्ग भी मौजूद थे। उन्होंने छह किलोमीटर हिस्से के ट्रेक का सोमवार को ट्रॉली में बैठकर निरीक्षण किया था।

कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआराएस) की टीम इंदौर मंगलवार को ही आ गई थी। बुधवार सुबह अफसर गांधी नगर डिपो पहुंच और सुरक्षा मानकों के हिसाब से मेट्रो कोच को परखा। टीम ने डिपो में संचालन से जुड़ी गतिविधियों को देखा। मेट्रो के लिए बनाए सेंटर की भी जांच की गई। पहले भी मेट्रो कोच का अलग-अलग स्पीड के हिसाब से ट्रायल हो चुका है। सिविल वर्क का ऑडिट भी होने वाला है। इस ऑडिट की रिपोर्ट के बाद मेट्रो रेल कार्पोरेशन को कमर्शियल रन की रिपोर्ट मिल जाएगी। उसके बाद कमर्शियल रन होगा। छह किलोमीटर के अंतर्गत आने वाले मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण भी टीम ने किया। यहां लगी लिफ्ट, टिकट खिड़की, प्लेटफार्म सुरक्षा, यात्रियों की सुविधा सहित अन्य मापदंडों पर स्टेशनों को परखा गया। इसके बाद टीम रवाना हो गई। सर्टिफिकेट जारी होने के बाद इंदौर में छह किलोमीटर हिस्से में मेट्रो के संचालन की राह आसान हो जाएगी।

**एयरपोट के विस्तार के लिए भी हुआ सर्वे**

इंदौर में एयरपोर्ट के विस्तार के लिए मंगलवार को सर्वे हुआ। एयरपोर्ट, नगर निगम और प्रशासन की टीम ने आसपास के हिस्से में दौरा किया। कुछ दिनों में मेट्रो का काम भी एयरपोर्ट परिसर के समीप शुरू हो जाएगा। मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा।

**31 किलोमीटर का है मेट्रो का रुट**

इंदौर में मेट्रो का रुट 31 किलोमीटर का है। फिलहाल 18 किलोमीटर हिस्से में काम चल रहा है। मेट्रो एयरपोर्ट से सुपर कॉरिडोर, विजय नगर, खजराना रिंग रोड, तिलक नगर, पलासिया, गांधी प्रतिमा, राजवाड़ा, सदरबाजार, बड़ा गणपति, एरोड्रम रोड होते हुए एयरपोर्ट तक जाएगी।

## लाखों की ठगी करने वाली इंदौर की महिला गिरफ्तार, मोबाइल हैक करके एकाउंट से निकाली रकम



झालावाड़ (ए.)। झालावाड़ जिले में साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने अपने म्यूचुअल अकाउंट का उपयोग कर ठगी करने वालों की मदद की थी। इस मामले में पीड़ित दीपक पाटोदी की शिकायत पर कार्रवाई की गई, जिनके बैंक खाते से 1.67 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। जानकारी के अनुसार झालावाड़ निवासी दीपक पाटोदी के साथ यह ठगी 26 फरवरी को हुई। उन्हें वॉट्सऐप पर केनरा बैंक के नाम से एक ॅक्क्र स्नद्धद्यद्ग मिली, जिसे उन्होंने अनजाने में डाउनलोड कर लिया। फाइल डाउनलोड होते ही उनका मोबाइल पूरी तरह हैक हो गया। इसके बाद उनके फोन पर आने वाले ओटीपी और बैंक से जुड़े अन्य मैसेज किसी अज्ञात नंबर पर फॉरवर्ड होने लगे।

## शादी के 18 साल बाद चार बच्चों की मां आधी रात प्रेमी के साथ फरार, बच्चे कर रहे इंतजार, जानें मामला



सागर (ए.)। मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक हैरान करने वाले प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। जिले के राहतगढ़ में रहने वाली एक महिला अपने चार बच्चों और पति को छोड़कर आधी रात में प्रेमी के साथ फरार हो गई। शादी के 18 साल बाद पत्नी के यह कदम उठाने से महिला का पति भी हैरान हैं। पीड़ित पति ने गांव के एक युवक और अन्य लोगों पर उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, मामला जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव का है। जहां, रहने वाली चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई।

महिला के पति मनोज पटेल ने बताया कि उसकी शादी करीब 18 साल पहले जरुवाखेड़ा के ठाकुर बाबा के मंदिर में पूजा पटेल के साथ हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था, हमारे चार बच्चे भी हुए। सबसे बड़ी बेटी 13, और फिर तीन बच्चे 11, 7 और 2 साल के हैं।

## पुलिस के हत्थे चढ़े आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाने वाले सटोरिए, लाखों का हिसाब मिला, पूछताछ जारी




सागर (ए.)। सागर शहर की मोतीनगर थाना पुलिस ने आईपीएल सट्टा पकड़ा है, जिसे सटोरिए ऑनलाइन चला रहे थे। इन सटोरियों के कब्जे से मोबाइल, चेकबुक, पासबुक और एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ कर रही है।

थाना पुलिस के अनुसार उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि राहतगढ़ बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति मोबाइल पर आईपीएल मैच पर सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस स्टैंड के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आकाश पिता मुरलीधर सेजवानी (24) निवासी सिंधी कैंप बताया। वह मोबाइल के जरिए क्रिकेट मैच पर रुपयों से हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा खिला रहा था। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया और आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर थाने लाकर, उसके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत केस दर्ज किया। पुलिस सने आरोपी आकाश से पूछताछ की, जिसमें अन्य सटोरियों के नाम भी सामने आए। मोबाइल डेटा खंगालने पर पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### इंदौर में गैस रीफिलिंग के दौरान हादसा, दो गंभीर रुप से झुलसे, अवैध तरीके से दुकान में चल रहा था धंधा

इंदौर (ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर में अवैध एलपीजी रीफिलिंग के दौरान ब्लास्ट हो गया। हादसे में दो लोग बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शहर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में हुई।

जानकारी के अनुसार, आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी इलाके में एक दुकान पर अवैध रूप से एलपीजी रीफिलिंग का काम किया जा रहा था। इस दुकान का मालिक घनश्याम यादव है।

## रीवा में खनन से हो रहे प्रदूषण को लेकर जवाब तलब, वन विभाग के पीएस समेत अन्य को नोटिस



जबलपुर (ए.)। रीवा में खनन गतिविधियों के कारण होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में जनहित याचिका दायर की गई है।

मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस शिव कुमार सिंह व एक्सपर्ट मेंबर डॉ. अफरोज अहमद की युगलपीठ ने मुख्य सचिव, पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रमुख सचिव, केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, कलेक्टर और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। रीवा निवासी अनूप सिंह की ओर से अधिवक्ता अमित सिंह सेंगर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि अल्ट्राटेक कंपनी के प्रोजेक्ट संचालन के लिए करीब 600 एकड़ क्षेत्र में खनन का काम किया जा रहा है।

**याचिका में उठाए गए मुख्य मुद्दे**

ग्रीन बेल्ट का अभाव : नियमानुसार 33% क्षेत्र ग्रीन बेल्ट एरिया के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जोकि नहीं किया गया।

डस्ट कंट्रोल का अभाव: स्प्रिंकल से छिड़काव नहीं किया जाता, जिससे आसपास के मकान, स्कूल, कृषि क्षेत्र और जलस्रोत प्रभावित हो रहे हैं।

**भूजल प्रदूषण: खनन के कारण भूजल प्रदूषित हो चुका है।**

पर्यावरणीय पुनर्स्थापन निधि का दुरुपयोग: नियमानुसार कुल लाभ का कुछ प्रतिशत पर्यावरणीय पुनर्स्थापन के लिए खर्च किया जाना चाहिए, जिसमें स्कूल, स्वास्थ्य, मेडिकल सुविधाएं, जल शोधन, डस्ट कंट्रोल आदि शामिल हैं, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा।

नए प्रोजेक्ट की योजना: कंपनी द्वारा नया प्रोजेक्ट भी लाया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय नुकसान बढ़ने की आशंका है।

## पुरानी रंजिश में युवक ने घर में लगाई आग, लाखों का नुकसान, पड़ोसियों ने भागते आरोपी को देखा



शहडोल (ए.)। शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 रेलवे कॉलोनी में एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक घर में रखा सारा सामान जल गया। पीड़िता भारती पनिका ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भारती पनिका ने बताया कि उनका परिवार रिश्तेदारी में धनपुरी गया था, इस दौरान घर में ताला लगा था। इसी बीच, आरोपी संतोष केवट ने उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाते हुए घर में आग लगा दी।

भारती ने पुलिस को बताया हमारा परिवार धनपुरी में था, ऐसे में सोमवार रात को आरोपी ने घर में आग लगाई और भागने लगा। लेकिन, पड़ोसियों ने उसे भागते हुए देख लिखा, उन्होंने उसेस पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह बच निकला। इसके बाद पड़ोसियों ने सूचना दी तो हम वापस लौटे। इधर, लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। भारती ने बताया कि घटना में करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि आग लगने से घर में रखा लगभग 2 लाख रुपये का सामान जल गया है। आरोपी संतोष केवट के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पूरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया है।

## इंदौर में रात में हो रही सफाई, चार दिन रैंकिंग के लिए रहेगी टीम



इंदौर (ए.)। इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण बीते तीन दिन से जारी है। चार दिन तक शहर में टीम रहेगी और अलग-अलग पैमानों पर स्वच्छता को परखा जाएगा। पिछले साल तीन दिन में ही टीम रवाना हो गई थी, लेकिन इस बार इंदौर को स्वच्छता की प्रीमियर लीग में शामिल किया गया है, इसलिए बारिकी से मुआयना किया जा रहा है।

नगर निगम के अफसरों को पूरी उम्मीद है कि इस बार भी इंदौर स्वच्छता में पहले पायदान पर होगा, लेकिन ज्यादातर शहरवासी मान रहे है कि बीते वर्षों की तुलना में इस साल सफाई व्यवस्था थोड़ी कमजोर हुई है।

इंदौर में रात के समय शहर की सड़कों और स्थानों को साफ किया जा रहा है, ताकि सुबह जब टीम सफाई व्यवस्था देखने निकले तो उन्हें शहर साफ नजर आए।

इंदौर की स्वच्छता को दस पैमानों पर आंका जा रहा है। इसमें शहर की सड़कों की सफाई, कचरा संग्रहण व्यवस्था, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, सीवरेज के पानी का पुर्नउपयोग, सफाईकर्मियों के उत्थान के लिए होने वाले काम और सबसे महत्वपूर्ण शहरवासियों का फीडबैक है। दिल्ली से आई टीम शहर की बस्तियों, आवासीय क्षेत्रों के अलावा ट्रेंचिंग ग्राउंड, गोबरधन प्लांट को भी देखेंगी। टीम सुबह के समय घूम रही है, जब घर-घर जाकर वाहन कचरा लेने जाते है।


**इंदौर की सबसे बड़ी ताकत डोर टू डोर कलेक्शन**

इंदौर की सफाई की सबसे बड़ी ताकत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन है। शहर में पांच तरीकों से कचरा घरों से लिया जाता है। ज्यादातर शहरों में यह व्यवस्था ही ठीक नहीं हो पाई है। इंदौर में सात साल पहले इसके दम पर ही स्वच्छता रैंकिंग में पहला पुरस्कार पाया था।

## हरई ब्लॉक में बिजली संकट गहराया, 20 दिन से अंधेरे में डूबे गांव, किसान परेशान

छिंदवाड़ा (ए.)। छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हरई ब्लॉक में बिजली की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। ब्लॉक के कई गांवों में एक ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पिछले 20 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक परेशानी किसानों को हो रही है, उनकी फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं।

**समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट**





बिजली संकट से त्रस्त हरई ब्लॉक के करीब 30 ग्रामीण अपनी पीड़ा लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के समक्ष अपनी समस्या रखी और जल्द से जल्द समाधान की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद से पूरे इलाके में अंधेरा पसरा हुआ है। घरों में पंखे और कूलर बंद पड़े हैं, जिससे गर्मी में रहना मुश्किल हो गया है। सबसे बड़ी समस्या खेतों में सिंचाई को लेकर आ रही है। बिजली न होने के कारण पंप बंद हैं और खड़ी फसलें पानी के बिना मुरझा रही हैं। अगर, जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**शिकाय पर भी नहीं हुई सुनवाई**

ग्रामीण गणेश भरतिया ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा, हमने स्थानीय बिजली विभाग के कार्यालय में कई बार शिकायत की, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। 20 दिन से हम अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। हमारी फसलें सूख रही हैं, पीने के पानी की भी किल्लत हो गई है।

जानवरों के लिए भी पानी का इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें यह परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## व्यापार समाचार



### टेक स्टार्टअप ने जुटाए 2.5 अरब डॉलर, US और ब्रिटेन के बाद भारत सबसे ज्यादा फंडिंग पाने वाला देश

नई दिल्ली (ए.)। देश की प्रौद्योगिकी (टेक) स्टार्टअप कंपनियों ने 2025 की पहली तिमाही में 2.5 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यह पिछली तिमाही की तुलना में 13.64 फीसदी और सालाना आधार पर 8.7 फीसदी अधिक है। भारत इस उपलब्धि के साथ अमेरिका और ब्रिटेन के बाद तीसरा सबसे अधिक फंडिंग पाने वाला देश बन गया है। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की पहली तिमाही में फंडिंग जुटाने में वाहन प्रौद्योगिकी, इंटरप्राइजेज एप्लीकेशंस और खुदरा क्षेत्र के स्टार्टअप सबसे आगे रहे।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग; संसेक्स 32 अंक चढ़ा, निफ्टी 23668 पर

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को उतार-चढ़ाव के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें बढ़त का सिलसिला सातवें सत्र में भी जारी रहा, हालांकि हाल की तेज बढ़त के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखी गई।

**757 अंकों से अधिक की बढ़त के बाद नरम पड़ा सेंसेक्स**

बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 757.31 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,741.69 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 10.30 अंक अथवा 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,668.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक लाभ रहा।

जोमेटो में करीब छह प्रतिशत की गिरावट आई, उसके बाद इंडसइंड बैंक में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट आई। अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और




सन फार्मा भी पिछड़ने वालों में शामिल हैं।

**छह दिन की रिकवरी रैली के बाद बाजार में दिखी मुनाफावसूली**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "छह दिनों की रिकवरी रैली के बाद, व्यापक बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखी गई, विशेष रूप से छोटे और मध्यम आकार के शेयरों में, जहां प्रीमियम मूल्यांकन अभी भी मौजूद है। दूसरी ओर, आईटी क्षेत्र ने लाभ दर्ज किया, जो नरम टैरिफ की उम्मीदों और मूल्यांकन में हाल के सुधार से उत्पन्न सकारात्मक वैश्विक संकेतों से प्रेरित था।"

नायर ने कहा, "निकट भविष्य में निवेशकों का रुझान सतर्क रहने की उम्मीद है, क्योंकि वे अमेरिका-भारत के बीच व्यापार नीति पर स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। ब्याज दरों में अपेक्षित कटौती और रुपये की चाल जैसे अनुकूल संकेतक बाजार की धारणा को समर्थन दे रहे हैं।"

**सोमवार को एफआईआई ने 3055.76 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी**

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 3,055.76 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। एशियाई बाजारों में, टोक्यो सकारात्मक दायरे में रहा, जबकि सियोल, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को काफी तेजी के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.53 प्रतिशत बढ़कर 73.39 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

सोमवार को बीएसई का सूचकांक 1,078.87 अंक या 1.40 प्रतिशत उछलकर छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,984.38 पर बंद हुआ था। निफ्टी 307.95 अंक या 1.32 प्रतिशत बढ़कर 23,658.35 पर बंद हुआ था।



## सोने की कीमतों में 100 रुपये की नरमी, चांदी भी 500 रुपये टूटी

नई दिल्ली (ए.)। आभूषण कारोबारियों और खुदरा विक्रेताओं की मांग में कमी आने के कारण सोना 100 रुपये कमजोर हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 100 रुपये की कमी के साथ 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्ध वाले सोने की कीमत भी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में कमजोर हुई और 100 रुपये की गिरावट के साथ 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ कमोडिटी विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार, अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है, क्योंकि इस बात के संकेत मिले हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ का अगला दौर शुरूआती अनुमान से कम कठोर हो सकता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## मुक्त व्यापार की विडंबना

आरसीईपी पर दस्तखत ना करने की एक वजह न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से आयात के कारण भारतीय दुग्ध उद्योग के लिए संभावित खतरे को बताया गया था। अब भारत ने न्यूजीलैंड से ही एफटीए वार्ता शुरू कर दी है।

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बाद अब भारत ने न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू की है। छह साल पहले के घटनाक्रम को याद करें, तो न्यूजीलैंड से अब ऐसे करार की बनी जरूरत को एक विडंबना ही कहा जाएगा।

गौरतलब है, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते के लिए वार्ता में भारत आरंभ से शामिल था। लेकिन 2019 में जब दस्तखत की बारी आई, तो ऐन वक्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा ना करने का फैसला किया था।

तब इसकी एक वजह चीनी उत्पादों से भारतीय बाजारों के पट जाने की आशंका को बताया गया था।

यह पेचीदा सवाल

दूसरे कारण के तौर पर न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से संभावित आयात से भारतीय दुग्ध उद्योग के खतरे में पड़ने की सूरत का जिक्र हुआ था। वो दोनों दुग्ध उत्पाद में अग्रणी देश हैं। आरसीईपी में शामिल ना होने के कारण भारत चीनी उत्पादों से किस हद तक बचा पाया, यह अलग, लेकिन गंभीर पड़ताल का विषय है।

बहरहाल, अब न्यूजीलैंड से भारत ने एफटीए के लिए वार्ता शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड में औसत आयात शुल्क 2.3 प्रतिशत है, जबकि भारत में यह औसतन 17.8 फीसदी है। ऐसे में साफ है कि किस देश को आयात शुल्क में अधिक रियायत देनी होगी।

ऐसे में न्यूजीलैंड के अपेक्षाकृत सस्ते दुग्ध उत्पादों से भारतीय दुग्ध उत्पादकों को कैसे संरक्षण दिया जाएगा, यह पेचीदा सवाल है।

फिर न्यूजीलैंड आरसीईपी का सदस्य है। ऐसे में वहां चीनी उत्पादों के हुए आयात को सेकंडरी निर्यात के तौर पर भारत भेजा गया, तो उससे बचाव के लिए भारत बाड़ कैसे लगा पाएगा? न्यूजीलैंड मांस और शराब का भी बड़ा निर्यातक है। तो उसके लिए भारतीय बाजार के खुलने की संभावना बनेगी। जब ऋषि सुनक के कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बात आगे नहीं बढ़ी, तो एक तत्कालीन ब्रिटिश मंत्री ने कहा था कि भारत करार के तहत सिर्फ फायदा चाहता है, रियायत नहीं देना चाहता।



एनसीपी विधायक अन्ना बनसोड़े ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में महाराष्ट्र विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव के लिए महायुति उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

# पूरा प्रदेश नफरत का मैदान!

**हरिशंकर व्यास**

मणिपुर में जातीय हिंसा को दो साल होने जा रहे हैं। 2023 की मई के पहले हफ्ते में कुकी और मैती समूहों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मरे हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए है।

ऐसा लग रहा था कि अब वहां शांति बहाल हो जाएगी। लेकिन उलटे हिंसा और भड़क गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आठ मार्च से मणिपुर की सारी सड़कें खोल देने और आवागमन सामान्य रूप से बहाल करने का आदेश दिया था।

लेकिन आठ मार्च को सड़कें खुलीं तो हिंसा भड़क गई। सुरक्षा बलों के घेरे में कुछ सड़कों पर आवाजाही शुरू हुई है लेकिन आठ मार्च के बाद जितने हमले हुए उन्हें देखते हुए लोग अभी जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।

मणिपुर में भाजपा के तमाम प्रयोग फेल हैं। कारण यह है कि हिंसा भड़कने के बाद जो काम सबसे पहले होना चाहिए था वह करने की बजाय सब कुछ किया गया।

प्रधानमंत्री चाहते तो मणिपुर को उस अवस्था में पहुंचाने वाले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटा कर हालात सामान्य करने का प्रयास कर सकते थे। लेकिन हिंसा भड़कने के बाद भी बीरेन सिंह बने रहे।

प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए

वे बहुसंख्यक मैती समुदाय को उकसाने वाली बातें भी करते रहे। जातीय भावनाओं को उकसा कर उन्होंने शांति नहीं बहाल होने दी। न प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए और न उन्होंने मुख्यमंत्री बदला।

जब पानी सर के ऊपर से बहने लगा तो पिछले महीने फरवरी में




मुख्यमंत्री को हटाया गया। यह माना गया कि बीरेन सिंह के हटने से शांति बहाल होगी लेकिन वह भी नहीं हुआ क्योंकि बीरेन सिंह पहले ही बहुत डैमेज कर चुके थे।

उनको हटाने से पहले केंद्रीय गृह सचिव रहे अजय कुमार भल्ला को वहां राज्यपाल बना कर भेजा गया। बीरेन सिंह के हटने के बाद भल्ला की कमान में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। उसी भरोसे में अमित शाह ने आठ मार्च को आवागमन सामान्य बनाने का ऐलान किया।

लेकिन राष्ट्रपति शासन में राज्यपाल भी कुछ नहीं कर पाए। इस बीच फिर से सरकार बनाने की कोशिश होती रही। मैती विधायकों की आम राय से सरकार गठन का प्रयास हुआ लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

इस तरह अब तक हुए तमाम प्रयास और प्रयोग विफल हो गए हैं। इसका कारण यह है कि किसी में ईमानदारी नहीं थी। यह भावना नहीं थी जातीय हिंसा खत्म करके हालात सुधारने हैं।

सिर्फ एक मणिपुर का मामला नहीं

नए प्रयोग के तहत सुप्रीम कोर्ट के छह जज मणिपुर जा रहे हैं। 22 और 23 मार्च को नेशनल लीगल सर्विस ऑथोरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह मणिपुर में मौजूद रहेंगे। ‌झ ये जज लोगों को मुफ्त कानूनी सेवा और मेडिकल सेवा उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लेंगे। यह भी कहा गया है कि मारे गए लोगों के परिजनों और विस्थापितों को मुफ्त लीगल सेवा के प्रति जागरूक करने और हिंसा पीड़ितों के लिए राहत कार्यों को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम है।यह एक अच्छी पहल है और इसके पीछे मंशा भी ठीक है। लेकिन सामाजिक स्तर पर जितना अविश्वास बढ़ा है और जिस तरह दोनों समुदाय एक दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं उसमें बड़ी राजनीतिक पहल की जरुरत है। यह सिर्फ एक मणिपुर का मामला नहीं है। इसके साथ मिजोरम का मामला भी है, जहां बड़ी संख्या में मणिपुर के विस्थापितों ने शरण ली है। सीमा पार यानी म्यांमार से होने वाली घुसपैठ की मामला भी उससे जुड़ा है। सरकार पूर्वोत्तर में शांति बहाली के दावे कर रही है लेकिन वहां के हालात अलग कहानी बयान कर रहे हैं।

# नफरत है राष्ट्र धर्म!

हरिशंकर व्यास

यों मुर्दा कौम मुर्दों, कब्रिस्तानों में ही सांसें लेती हैं और भय के भूत उसका परिवेश! इसलिए आश्चर्य नहीं है जो हिंदू राजनीति में औरंगजेब का कंकाल उपयोगी है और काला रंग संसद को स्थगित करवा देता है! इस सप्ताह तमिलनाडु के नेताओं के टीशर्ट पर 'तमिलनाडु विल फाइट, तमिलनाडु विल विन' शब्दों को पढ़ संसद स्थगित हुई। वहीं नागपुर में औरंगजेब पर हिंसा हुई। उसकी कब्र तोड़ने वाले के लिए पुरस्कार की घोषणा सुनी! तीसरी खबर भूतहा मणिपुर में सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की विजिट है। यह सब किस बात का प्रमाण है? नफरत का बतौर राष्ट्र (सत्ता) धर्म उपयोग!

शनिवार को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार कर रहे हैं कि दक्षिण कैसे उत्तर भारत से, भाजपा से बचे! सप्रीम कोर्ट के जज मणिपुर में फील करेंगे कि नफरत में लोग कैसे एक दूसरे के जानी दुश्मन है! संभव है औरंगजेब की कब्र के मसले में दंगे के कथित देशद्रोही मास्टरमाइंड और पकड़े जाएं!क्या यह सब उसी इतिहास की और भारत के पुनर्वास का सफर नहीं है, जिसमें औरंगजेब, संभाजी भी था तो भगवे, हरे झंडे की रियासतें भी थीं? भूल जाएं संघ परिवार, भाजपा और नरेंद्र मोदी के एकात्म मानववाद, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के जुमलों को और याद करें उस औरंगजेब को, जिसने पूरे भारत पर कब्जा करने की जिद्द में नफरत, क्रूरता से यह ठानी कि दक्षिण में भी मेरा राज हो। और हिंदुओं से ऐसा सलूक हो कि उनकी नस्ल भयाकुल हो जाए। वह फिर इतिहास का महानायक, विश्वगुरू कहलाएगा। औरंगजेब की रग-रग में तब क्या था? सिर्फ सत्ता की भूख और भूख। तभी चौबीसों घंटे अपने एकेश्वर अहंकार में दिन-रात सत्ता के अभियानों में खोए रहना।

क्या मैं गलत हूं? ध्यान रहे औरंगजेब उस मुगल खानदान का था, जिसमें उससे पहले एक अकबर हुआ था। अकबर भी सत्ता की ललक में साम्राज्य बढ़ाने का धुनी था। उसे राणा प्रताप की एक गज स्वतंत्र जमीन बरदाश्त नहीं थी। बावजूद इसके उसे औरंगजेब जैसा नहीं समझा गया। तभी अकबर और औरंगजेब का फर्क इतिहास का वह सत्य है, जिसमें अकबर की मौत के बाद परिवार का आगे भी शासन कायम रहा वही औरंगजेब के बाद मुगल साम्राज्य का हिंदुस्तान तितर-बितर होने लगा!बहरहाल, तमिलनाडु और दक्षिण के मन को बूझें। किसलिए मुख्यमंत्री स्टालिन और उनके बेटे ने सनातन धर्म, रुपए के सिंबल की जगह तमिल शब्द, हिंदी विरोध और परिसीमन पर वह रूख बनाया जो असल में मोदी-योगी याकि हिंदू राजनीति के तौर-तरीकों के प्रति नफरत है? वजह केंद्र सरकार की दादागिरी है। वह शोर, वह भौकाल है कि हमी से देश है। भाजपा ने वह भगवा राजनीति बनाई है, जिसमें नफरत है और हर कोई अपनी अस्मिता, पहचान, भाषा और सत्ता को लेकर भयाकुल है। नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फड़नवीस, मणिपुर को तबाह करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह हों या ममता बनर्जी, स्टालिन, सिद्धारमैया, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव आदि सभी का दिल-दिमाग चौबीस घंटे इस असुरक्षा में गुजरता है कि कहीं हम हार न जाएं, कहीं हम धांधली के शिकार न हो जाएं। धोखा न खा जाएं।

उद्धव ठाकरे, शरद पवार, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में अपने को धोखे में हारा माना है तो अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल भी ऐसा ही मानते हैं। इसलिए ममता बनर्जी और स्टालिन भी आशंकित हैं। ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सब वोटर लिस्ट से भारत की व्यवस्था, लोकतंत्र, चुनाव आयोग, कोर्ट सभी के प्रति आशंकित और भयाकुल हैं। वही दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ दिन रात सोचते होते हैं कि वह क्या हो, जिससे भयाकुल हिंदू गोलबंद हों, वे सब कुछ भूलकर औरंगजेब के दु:स्वप्न देखें, मस्जिद देखें, मुसलमान देखें! तबी पूरा देश नफरत के दो मैदान में कनर्वट है। पक्ष से भी नफरत और विपक्ष से भी नफरत! दोनों से परे जो तटस्थ है उनका कुल आबादी में प्रतिशत नगण्य सा है। इसलिए सब कुछ एक्स्ट्रिम! इतना भयावह की जहरीले पानी को भी फर्जी सर्टिफिकेटों से 'अमृत' करार दिया जा रहा है! साल भर बाद एमके स्टालिन के आगे विधानसभा चुनाव है तो वे भी लोहे से लोहे को काटने के लिए लोगों को भड़काने, नफरत से गोलबंद करने की वही राजनीति कर रहे हैं जो मोदी के आइडिया ऑफ इंडिया का कामयाब नुस्खा है। इसलिए भारत के लोकतंत्र में राजनीति अब मध्यकाल से अधिक नफरती है।

( जीवन चिंतन )

## सजग रहे जीवन मे आने वाले पलों के लिए। मनोबल ऊंचा रखिये।

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे।




मेष राशि -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पिता की सलाह से आपका बिजनेस बहुत ही अच्छा चलेगा। आज कोई भी फैसला लेते वक्त जल्दबाजी न करें। आप नया बिजनेस स्टार्ट करने के बारे में भी विचार करेंगे। टीम वर्क से आपका काम बहुत ही आसान होगा।

वृष राशि-आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। आज आप अपने काम के प्रति निष्ठावान रहेंगे, जिससे बॉस आपसे प्रसन्न होगे। ससुराल पक्ष से आपको सपोर्ट मिलेगा। किसी से उधार लिया धन आज वापस कर देंगे जिससे आपकी टेंशन कम होगी। अपने परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे, जहां आप काफी एंजॉय करेंगे। आपकी माता का आपको बहुत ही सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। काफी दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे। आज आप कीमती वस्तु खरीदने का मन बनायेंगे। आपका करीबी मित्र आपसे आर्थिक मदद करने के लिए कहेंगे, आप उन्हें अपना सहयोग देंगे। इस राशि के जो स्टूडेंट सरकारी जॉब के लिए अप्लाई किये हैं उनके लिए जल्द ही सफलता के योग हैं, अपनी मेहनत जारी रखें।

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहद खास पल लेकर आएगा। अपने जीवन में आ रही सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किसी अच्छे सलाहकार से सलाह लेंगे, आपको जल्द ही समाधान मिल जायेगा। किसी इवेंट में पार्टिसिपेट का मौका मिलेगा, जहां आप अपने विचार रखेंगे। आज आपके शत्रु भी आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे, आपसे दोस्ती का हाथ बढ़ेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज का दिन आपके लिए काफी भागदौड़ वाला रहेगा फिर भी आप अपना काम अच्छे तरीके से पूरा कर लेंगे। अपने दयालु स्वभाव के कारण किसी चतुर व्यक्ति का शिकार बन सकते हैं, थोड़ा सचेत रहें। प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ने के योग बन रहे हैं, अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करें।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर में माता जी आज कोई धार्मिक कार्यक्रम करेंगी, आपको काफ़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अपने सरल व्यवहार से आप दूसरों के दिलों पर राज करेंगे। इस राशि के जो लोग अपना नया बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं, किसी अच्छे मुहूर्त पर ही करें, तो आपको साल भर लाभ ही लाभ होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन बेहद ही उत्सुकतापूर्ण रहेगा। वैज्ञानिक आज लैब में नया परीक्षण करेंगे। आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ेगी जिन्हें आप अच्छे से निभाएंगे। लवमेट को आज एक दूसरे को अच्छे से समझने का मौका मिलेगा, उनके बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। बिजनेसमैन आज काफी व्यस्त रहने वाले हैं, अपने बिजनेस में तरक्की के लिए नयी तकनीकों का सहारा लेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड करेंगे, जिसमें कई मुद्दों पर बातचीत होगी। आप को ज्यादा वर्क करना पड़ेगा इसलिए आप अपनी वर्किंग स्पीड मेंटेन करेंगे। आज साइंस के स्टूडेंट्स का प्रैक्टिकल एग्जाम होगा, पूरा दिन व्यस्तता से भरा रहेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाया है। आज आपके आस-पास धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। आपका व्यापारिक दृष्टिकोण बढ़ेगा, जिससे अपने बिजनेस को बढ़ाने में सफल होंगे। आपके दोस्त आपसे कुछ डिमांड करेंगे जिसको पूरा करने में आप सक्षम होंगे।

मकर राशि- आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। पास के किसी मंदिर में दर्शन करने के लिए जाएंगे। काम के सिलसिले में आपको किसी दूसरे राज्य भी जाना पड़ सकता है। इस राशि के जिन महिलाओं को अपना बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छा दिन है।

कुंभ राशि- आज का दिन आप लोगों के लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपका मुकदमे से संबंधी मामला सॉल्व होगा, जिससे आपकी उलझन कम होगी। अपने स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए आप अपनी डाइट में हरी सब्जियों को एड करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों के लिए समय अच्छा है। आज अचानक धन लाभ होने से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज ऑफिस में बॉस द्वारा पार्टी मिलेगी जिसे सभी लोग एंजॉय करेंगे। इस राशि की माताएं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठाएंगी। आँखों की समस्या के लिए आप किसी नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेंगे। इस राशि वाले छात्रों के लिए फार्म भरने संबंधी कार्य के लिए आज का दिन शुभ है। उचित दिशा में की गयी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आज का दिन लवमेट के लिए अच्छा रहने वाला है।

# आग न लगती तो न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का धुंवा न उठता!

**श्रीगोपाल नारसन**

दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर आग लगने की घटना ने भ्र्ष्टाचार की आग को हवा दे दी है। आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड को जज के घर से लगभग 15 करोड़ नकदी मिलने की खबर ने देश भर में हंगामा मचा दिया है। इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके मूल कोर्ट, इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का फैसला लिया, और अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उनके खिलाफ जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति भी गठित कर दी है। सन 2009 में भी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस निर्मल यादव पर 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगा था, इस मामले में एक वकील ने दावा किया था कि उसने गलती से रिश्वत की राशि गलत जज के घर भेज दी थी, जिसके बाद यह मामला चर्चाओं में रहा ।मद्रास हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.डी. दिनाकरण पर तमिलनाडु में अवैध जमीन अर्जित करने और आय से अधिक संपत्ति के एकत्र करने के आरोप लगे थे,उनके खिलाफ 16 शिकायतें दर्ज की गईं थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति रोक दी थी,जांच के दबाव में उक्त जज ने सन 2011 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।इसी प्रकार सन 2017 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस सी.एस. कर्णन ने सुप्रीम कोर्ट के कई जजों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे,उनके खिलाफ अवमानना का मामला भी चला, और उन्हें छह महीने की जेल भी हुई।सन 2018 में सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ जजों ने पत्रकार वार्ता कर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर मनमाने ढंग से केस बांटने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था, भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था कि जज अपनी ही न्यायपालिका पर पत्रकार वार्ता कर सवाल खड़े कर रहे थे।वही सन 2021 में मुंबई हाई कोर्ट में जज रहे एक न्यायमूर्ति पर रिश्वत लेकर फैसले देने के आरोप लगे थे, बाद में यह मामला जांच के अभाव में ठंडे बस्ते में चला गया। न्यायपालिका में जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव इन समस्याओं को



बढ़ावा दे रहा है।भृष्ट जजो को हटाने का महाभियोग ही एकमात्र संवैधानिक उपाय है, लेकिन अब तक इसका भी सफल इस्तेमाल नहीं हो पाया है।हालांकि

न्यायाधीश यशवंत वर्मा का कहना है कि जिस कमरे में नोटों की गड्डियां मिलीं, वह उनके मुख्य आवास से अलग है और कई लोग इसका इस्तेमाल करते हैं।दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को भेजे अपने एक लंबे स्पष्टीकरण में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि 14 मार्च की देर रात होली के दिन दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास के स्टाफ क्वार्टर के पास स्थित स्टोर रूम में आग लग गई थी। इस कमरे का इस्तेमाल आम तौर पर सभी लोग पुराने फर्नीचर, बोतलें, क्रॉकरी, गद्दे, इस्तेमाल किए गए कालीन, पुराने स्पीकर, बागवानी के उपकरण और सीपीडब्ल्यूडी की सामग्री जैसे सामान रखने के लिए करते थे,यह कमरा खुला है और सामने के गेट के साथ-साथ स्टाफ क्वार्टर के पिछले दरवाजे से भी इसमें प्रवेश किया जा सकता है।यह मुख्य आवास से अलग है और निश्चित रूप से मेरे घर का कमरा नहीं है, जैसा कि बताया जा रहा है।वही वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने जज के यहां भारी मात्रा में नकदी मिलने को लेकर चिंता जताई है। सिब्बल ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे को गंभीर बताया है।भ्रष्टाचार कम होने के दावों पर सवाल उठाते हुए सिब्बल ने कहा,भ्रष्टाचार एक गंभीर मुद्दा है और पीएम मोदी के भ्रष्टाचार कम होने के दानों के बावजूद यह बढ़ा है। जब लोकपाल को लेकर प्रदर्शन हुआ था, तब सभी राजनीतिक दल कांग्रेस पर आरोप लगाते थे। इसके बाद लोकपाल बिल आ गया, लेकिन क्या हुआ। सरकार गिरा दी गई और इसके बाद कुछ नहीं किया गया। न केजरीवाल ने कुछ किया और न ही प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ किया। बस एक लोकपाल को बैठा दिया गया।राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने दावा किया कि लोगों का न्यायिक प्रणाली में विश्वास कम हो रहा है। सिब्बल ने कहा कि विकल्प तभी मिल सकते हैं, जब सरकार और न्यायपालिका दोनों स्वीकार करें कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सहित मौजूदा प्रणालियां कारगर नहीं रह गई हैं।

दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने के बाद भारी मात्रा में कैश मिलने पर मचे विवाद के बीच इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि मामले की जांच इन-हाउस कमेटी से नहीं बल्कि सीबीआई या ईडी से होनी चाहिए। उन्होंने जस्टिस वर्मा के लिए जेल की सजा की मांग की।दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर द्वारा भेजी गईं कुछ रिपोर्टों को भी शामिल किया है जिसमें ये कहा गया है कि स्टोर रूम में 4-5 अधजली बोरियों में कैश मिला है।जस्टिस डीके उपाध्याय ने लिखा है कि उनकी जाँच के मुताबिक़ स्टोर रूम में केवल घर में रहने वाले लोगों, नौकरों और मालियों का आना जाना था, इसलिए इस मामले में और जांच की ज़रूरत है।पुलिस कमिश्नर ने जस्टिस डीके उपाध्याय के साथ कुछ फ़ोटो और एक वीडियो भी शेयर किए हैं,जिनमें एक कमरे में नोट जलते दिख रहे हैं।जस्टिस डीके उपाध्याय का कहना है कि उन्होंने ये फ़ोटो और वीडियो सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना को भी भेजीं है और इन्हें जस्टिस यशवंत वर्मा को भी दिखाया है।

(लेखक ज्वलंत मुद्दों के टिप्पणीकार व वरिष्ठ अधिवक्ता है)

संक्षिप्त समाचार

## महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपए, दिल्ली की सीएम ने पेश किया 1 लाख करोड़ रुपए का बजट



नई दिल्ली (आरएनएस)। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान है। दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीपेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। दिल्ली की सीएम ने प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 320 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की घोषणा की। दिल्ली सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबध है।उन्होंने कहा कि सरकार वैकल्पिक हेल्थ केयर की दिशा में भी काम करेगी। इसके लिए आयुष पर जोर दिया जाएगा। सीएम रेखा ने कहा- मैं आपके माध्यम से दिल्ली की जनता को ये बताना चाहती हूं कि आज तक की सरकारों के राज में 2023 में 78 हजार 800 करोड़ का बजट था। 24-25 का बजट घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रह गया। ये दिल्ली में सबसे खराब स्थिति थी। इस बार का दिल्ली का बजट एक लाख करोड़ रुपये का है। ये ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मैं बजट पेश कर रही हूं। आज का बजट साधारण नहीं है। दिल्ली की जनता और पूरा देश सदन के माध्यम से बजट सुन रहा है। इस सरकार का पहला बजट कैसा होगा, आज यहां पूरा देश देख रहा है। ये बजट पिछले 10 साल से बेहाल हुई दिल्ली को संभालने का पहला कदम है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज यमुना सीवेज और प्रदूषित पानी से जूझ रही है। हम यमुना नदी की सफाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे लिए सिर्फ एक नदी नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। 40 विकेन्द्रीकृत सीवेज प्लांट विकसित करने के लिए 500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं ताकि कोई भी सीवेज का पानी सीधे यमुना नदी में न छोड़ा जाए।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपियों को बड़ी राहत, घर तोड़ने पर कोर्ट ने लगाई रोक; प्रशासन को फटकारा




नागपुर ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर में हुए हिंसा मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने मुख्य आरोपी फहीम खान और यूसुफ शेख को बड़ी राहत प्रदान की है। अदालत ने इस मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए उसे फटकार भी लगाई है। फहीम खान और यूसुफ शेख की संपत्तियों को गिराने पर हाई कोर्ट ने तत्काल रोक लगा दी है। कोर्ट ने संपत्ति मालिकों की सुनवाई न किए जाने पर चिंता व्यक्त की है। हालांकि, अदालत का आदेश पारित होने से पहले ही सोमवार दोपहर को फहीम खान की संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था। कोर्ट ने सरकार और नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की है। आज ही नगर निगम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में फहीम खान के दो मंजिला मकान को अवैध बताते हुए गिरा दिया था। अधिकारियों के अनुसार, महल इलाके में स्थित आरोपी यूसुफ शेख के मकान के अवैध हिस्से को भी ढहा दिया गया है। माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता फहीम खान के खिलाफ 17 मार्च को हुई हिंसा के मामले में राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। वह उस हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोगों में शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो नागपुर नगर निगम ने कुछ दिन पहले फहीम खान को नोटिस जारी किया था, जिसमें उनके मकान के लिए हाउसिंग प्लान की मंजूरी न होने और निर्माण में कमियों का उल्लेख किया गया था। इसके बाद यशोधरा नगर क्षेत्र की संजय बाग कॉलोनी में स्थित उनके मकान को सुबह करीब साढ़े 10 बजे नगर निगम की तीन जेसीबी मशीनों की सहायता से गिराना शुरू कर दिया गया था।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि, परिवार से मिलकर जताई संवेदना



उदयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को उदयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम डबोक एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से सीधे सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पहुंचे। यहां उन्होंने मेवाड़ राजघराने के दिवंगत सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके पुत्र डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित उदयपुर शहर व देहात भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी सुपारी किलर गिरफ्तार



बुलंदशहर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सिकंदराबाद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये के इनामी सुपारी किलर साजिद उर्फ साहिल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। यह मुठभेड़ सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के हाइवे के पास कावरा रोड पर हुई। दिल्ली निवासी साजिद ने मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस कार्रवाई में साजिद के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे तुरंत गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है। जांच में पता चला कि साजिद ने वर्ष 2024 में सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के निवासी यामीन की अपने साथियों के साथ मिलकर सुपारी लेकर हत्या की थी। साजिद का आपराधिक इतिहास लंबा है। सिकंदराबाद की सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि 24 मार्च को देर रात सिकंदराबाद थाना पुलिस नॉर्मल स्कूल के पास चेकिंग कर रही थी।

# बिहार बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी, 86.5 प्रतिशत स्टूडेंट्स हुए सफल

पटना (ए)। बिहार बोर्ड BSEB 12वीं रिजल्ट 2025: बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (BSEB) ने 25 मार्च को बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट (कक्षा 12) के नतीजे घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र आधिकारिक वेबसाइट interresult2025.com और interbihar-board.com के माध्यम से BSEB इंटर रिजल्ट 2025 डाउनलोड कर सकते हैं। बिहार बोर्ड के नतीजों की घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने की। परिणामों के अलावा, बीएसईबी ने अन्य विवरण भी जारी किए हैं जैसे टॉपर्स के नाम, लिंग-वार प्रदर्शन, कुल उत्तीर्ण प्रतिशत और अन्य। बिहार बोर्ड कक्षा 12वीं के परिणाम 2025 में इस साल पास प्रतिशत में वृद्धि हुई है। इस साल कुल पास प्रतिशत 86.56 प्रतिशत है। पिछले साल यह 87.21 प्रतिशत और 2023 में 83.73 प्रतिशत था। वाणिज्य में 94.77 प्रतिशत, विज्ञान में 89.50 प्रतिशत और कला में 82.75 प्रतिशत छात्र



पास हुए हैं। साइंस में प्रिया जायसवाल ने टॉप किया था। दूसरे स्थान पर आकाश कुमार रहे जिन्होंने 500 में 480 अंक प्राप्त किया है। वहीं, तीसरे स्थान पर पटना कॉलेजिएट के रवि कुमार रहे हैं।

### एससी कॉलेजियम ने की न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश, सरकार जल्द लेगी फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को केंद्र से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की। दिल्ली उच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी में अपने बंगले से जुड़े स्टोररूम में कथित तौर पर जली हुई नकदी का एक बड़ा ढेर पाए जाने के विवाद में उलझे हुए हैं। 14 मार्च को आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल वहां गया था, तब बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी।

### सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मुठभेड़ में मारा गया झीरम हमले का मास्टर माइंड श्याम उर्फ चैतू, 25 लाख का है इनामी

दंतेवाड़ा (ए.)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अभियान में 25 लाख रुपये के इनामी शीर्ष कमांडर समेत तीन नक्सली मारे गए। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों की सीमा पर स्थित जंगल में सुबह करीब 8 बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के इलाकों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान शीर्ष कमांडर सुधीर समेत तीन नक्सलियों के शव मौके से बरामद किए गए। साथ ही आग्नेयास्त्र भी बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक इंसास राइफल, .303 राइफल, 12 बोर राइफल और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की। प्रारंभिक तौर पर एक नक्सली की पहचान तेलंगाना के वारंगल जिले के निवासी डीकेएसजेडसीएम (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य) सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ मुरली के रूप में हुई। अन्य दो माओवादियों की पहचान की जा रही है। दंतेवाड़ा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों ने अब तक 100 नक्सलियों को मार गिराया है।



आरटीआई अधिनियम पर डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए कार्यकर्ताओं, शोधकर्ताओं, पत्रकारों और विशेषज्ञों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में संसद में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की।

## प्रेमी संग महिला हुई फरार तो परिजनों ने 6 घरों पर चलवा दिया बुलडोजर

भरूच (ए.)। अतीत में दुनिया भर में बुलडोजर का इस्तेमाल केवल खेती किसानी में होता था। लेकिन धीरे-धीरे इसका इस्तेमाल इमारतों को धराशायी करने और सड़कों को बनाने के लिए सतह को समतल और सपाट करने में होने लगा। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात ये वो चर्चित राज्य हैं जहां पर दंगाईयों या कुख्यात अपराधियों के घरों और अवैध ठिकानों को राज्य सरकारों की तरफ से जमीदोंज करने वाली तस्वीरें अक्सर आ जाती हैं। लेकिन राज्य सरकारों से इतर जब आम जनता भी बुलडोजर एक्शन करने लग जाए तब क्या हो? गुजरात में कुछ लोगों ने बुलडोजर जस्टिस के मामले में भूपेंद्र दादा पटेल सरकार से प्रेरणा ली है। भरूच जिले के जंबूसर तालुका के करेली गांव में एक अजीब घटना हुई। एक शादीशुदा महिला गांव के ही एक तलाकशुदा आदमी के साथ भाग गई। इसके बाद महिला के परिवार वालों ने गुस्से में आकर शख्स और उसके रिश्तेदारों के घर पर बुलडोजर चलवा दिया। शादीशुदा महिला के साथ कथित तौर पर फरार हुए व्यक्ति और उसके रिश्तेदारों के घर बुल्डोजर से गिराने के आरोप में पुलिस ने छह ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। वेदाच पुलिस थाने के निरीक्षक बीएम चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में महिला के परिजन भी शामिल हैं।

## भारत और चीन के बीच सीमा मुद्दे पर बड़ी बैठक, इन बिंदुओं पर हुई चर्चा



नई दिल्ली (ए)। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 33वीं बैठक 25 मार्च 2025 को बीजिंग में आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया और चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में आयोजित इस बैठक में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई। समग्र द्विपक्षीय संबंधों के सुचारू विकास के लिए सीमा पर शांति और सौहार्द्र महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों ने दिसंबर 2024 में बीजिंग में भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों को प्रभावी बनाने और प्रभावी सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों और प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्ष इस दिशा में प्रासंगिक राजनयिक और सैन्य तंत्र को बनाए रखने और मजबूत करने पर सहमत हुए। उन्होंने सीमा पार सहयोग और आदान-प्रदान को शीघ्र बहाल करने पर भी विचार-विमर्श किया, जिसमें सीमा पार नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर विचार-विमर्श शामिल है। दोनों पक्षों ने विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की अगली बैठक के लिए पर्याप्त तैयारी करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की, जो इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित की जाएगी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के नेता ने सहायक विदेश मंत्री महामहिम श्री हांग लेई से शिष्टाचार भेंट की।

### हरिद्वार में 5 मदरसों को सील किया गया, नहीं थे रजिस्टर्ड

हरिद्वार (ए.)। उत्तराखंड के हरिद्वार में आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 गैर रजिस्टर्ड मदरसों को सील कर दिया है। हरिद्वार की तहसीलदार प्रियंका रानी ने बताया कि हरिद्वार में स्थित इन मदरसों का टीम ने निरीक्षण किया और पाया कि ये सभी रजिस्टर्ड नहीं थे। इसके बाद पांचों मदरसों को अफसरों ने सील कर दिया। सरकार की ओर से जारी एक संदेश में कहा अवैध मदरसों, अनधिकृत धार्मिक स्थलों और अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे शहरों में अपंजीकृत मदरसों की सूचना मिली है और ऐसे अनधिकृत संस्थान गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय हैं। नवरी में एम ने सत्यापन अभियान चलाने का आदेश दिया था और जिला प्रशासन मदरसों का सर्वेक्षण कर रहा है ताकि उनके वित्तीय स्त्रोतों सहित विभिन्न पहलुओं का पता लगाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि उधम सिंह नगर में सरकार ने 64 मदरसों को सील किया है, देहरादून में 44, हरिद्वार में 26 और पौड़ी गढ़वाल में दो।

## मेरठ मर्डर का असर, पत्नी ने पति का सिर फोड़ा, बोली- काटकर ड्रम में डाल दूंगी



मेरठ (आरएनएस)। मेरठ शहर में एक घरेलू विवाद ने उस समय सनसनी फैला दी जब एक पत्नी ने अपने पति पर ईंट से हमला कर दिया। इस घटना ने हाल ही में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड की यादें ताजा कर दीं, जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी थी।कंकरखेड़ा क्षेत्र के हाईवे स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अक्सर उससे झगड़ा करती है। रविवार रात जब वह शराब पीकर घर पहुंचा तो उनका फिर से विवाद हो गया। युवक ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने पहले उसे दांतों से काटा और फिर सुबह नींद से उठने पर धमकी दी कि यदि वह नहीं उठा तो ईंट मार देगी। जब युवक ने विरोध किया तो पत्नी ने कथित तौर पर ईंट से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। युवक के चेहरे पर नाखून के निशान भी पाए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि झगड़े के दौरान उसकी पत्नी ने उसे धमकी दी कि यदि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो वह उसे ब्रह्मपुरी में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड की तरह काटकर ड्रम में भर देगी। घटना के बाद महिला अपने दो बच्चों के साथ थाने पहुंची, जबकि खून से लथपथ युवक अपने पिता के साथ थाने गया और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। वहीं, पत्नी ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए पुलिस को बताया कि उसका पति मजदूरी के पैसे शराब में उड़ा देता है, जिसके कारण घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है और इसी बात को लेकर उनका झगड़ा होता रहता है।

इस मामले में कंकड़खेड़ा थाने के एसएसआई रामगोपाल सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि बीते 3 मार्च को मेरठ में मुस्कान रस्तोगी नामक एक महिला ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। मुस्कान और साहिल ने सौरभ के शव के टुकड़े करके उन्हें नीले रंग के प्लास्टिक के ड्रम में भरकर सीमेंट से सील कर दिया था।

## आज खुलेगा एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन, लाखों पर्यटकों के आने की उम्मीद



श्रीनगर (ए.)। श्रीनगर का इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन आज जनता के लिए खुलने को तैयार है। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी और फ्लोरीकल्चर अधिकारी जावेद मसूद ने कहा कि यहां 17 लाख ट्यूलिप प्रदर्शित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कल गार्डन को आम लोगों के लिए खोलने की सहमति दे दी है। अंतिम तैयारियां चल रही हैं। पिछले साल हमारे यहां 4.5 लाख पर्यटक आए थे। हमें उम्मीद है कि इस साल हम पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। हमने फूलों और रंगों की नई किस्मों के साथ प्रयोग किया है। जावेद मसूद ने कहा कि इस गार्डन ने जम्मू-कश्मीर में कई पर्यटकों को आकर्षित किया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में मदद की है। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन के माली मोहम्मद अब्बास ने कहा कि ट्यूलिप गार्डन आम जनता के लिए खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस साल हमें 5.5 लाख से ज़्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इस साल फूलों की शानदार प्रदर्शनी होगी। हमने ट्यूलिप की दो और किस्में जोड़ी हैं। हर साल, एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन एक जीवंत कैनवास बन जाता है, जो दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित करता है। इस साल यह और भी अधिक लुभावना होने का वादा करता है, जिसमें 1.7 मिलियन ट्यूलिप प्रदर्शित किए गए हैं - जिसमें नीदरलैंड से विशेष रूप से आयातित दो नई किस्में शामिल हैं। 2007 में अपने उद्घाटन के बाद से, यह त्यौहार कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति का एक प्रतिष्ठित प्रतीक बन गया है। ज़बरवान रेंज की तलहटी में बसा, बगीचे के सात सीढ़ीदार परिदृश्य और बहते पानी के चैनल एक शांत वातावरण बनाते हैं जो आपको विस्मय में डाल देगा।

## हवाला के पैसों से सोना खरीदा, सोना तस्करी मामले में रान्या राव का बड़ा कबूलनामा

नई दिल्ली (ए)। इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 14.8 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेता रान्या राव ने कबूल किया है कि सोने की खरीद के लिए इस्तेमाल किया गया पैसा हवाला चैनलों के जरिए भेजा गया था, तस्करी रोधी एजेंसी डीआरआई ने मंगलवार को एक अदालत को बताया। रान्या राव की




जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान, डीआरआई का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील मधु राव ने कहा कि अधिकारियों ने अभिनेता के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करने के लिए धारा 108 के तहत नोटिस जारी किया है।जांच का उद्देश्य वित्तीय अनियमितताओं की सीमा और कानून के किसी भी संभावित उल्लंघन का पता लगाना है। रान्या राव की जमानत याचिका अब तक दो बार खारिज हो चुकी है, एक बार निचली अदालत ने और दूसरी बार आर्थिक अपराधों के लिए विशेष अदालत ने।



पत्रकार जीवन भारती ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की.

## दीपिका ने भारतीय फिल्मों और टैलेंट को ऑस्कर में पहचान न मिलने पर दुख जताया

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को लगता है कि भारत की कई ऐसी फिल्में थीं जो ऑस्कर अवॉर्ड जीत सकती थीं मगर उन्हें वे पहचान नहीं मिली। दीपिका इनदिनों लुई विटोन और कार्टियर के लिए वैश्विक लक्जरी फैशन हाउस द्वारा एंबेसडर के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री है। इसी वीडियो में दीपिका ऑस्कर पर बात करते हुए कहती हैं कि जब आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू को अवॉर्ड मिला था वे मौके पर मौजूद थीं।

पिछले कुछ समय में भारतीय फिल्मों ने ग्लोबल स्तर पर तारीफें बटोरी थीं। हालांकि, ऑस्कर 2025 की फाइनल सूची में इन फिल्मों को जगह नहीं मिल सकी थी। इस खबर ने कई भारतीयों का दिल तोड़ा था जिसमें दीपिका भी शामिल हैं।

अपनी बात को जारी रखते हुए दीपिका ने भारतीय फिल्मों और टैलेंट को ऑस्कर में पहचान न मिलने पर दुख जताया। दीपिका ने कहा, भारत को कई बार ऑस्कर से वंचित रखा गया है। कई ऐसी फिल्में और टैलेंट हैं जो अवॉर्ड के हकदार थे, मगर उन्हें नजरअंदाज किया गया।

# नेहा कक्कड़ के ट्रोल होने के बाद भाई टोनी ने पूछा सवाल, लिखा- आर्टिस्ट मर्यादा में रहे और जनता ?



सिंगर नेहा कक्कड़ उस समय चर्चाओं में आ गईं जब ऑस्ट्रेलिया में उनके मेलबर्न शो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें नेहा रोती दिख रही हैं। दरअसल, नेहा कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे की देरी से पहुंची, जिस पर दर्शकों ने उनकी आलोचना कर दी। इसके बाद नेहा मंच पर ही रो पड़ीं। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बीच अब नेहा कक्कड़ के भाई और गायक व संगीतकार टोनी कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर दो क्रिप्टिक पोस्ट किये हैं। जो सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं।

### टोनी ने पोस्ट में जनता पर उठाए सवाल

टोनी कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने सिर्फ इतना ही लिखा है, "आर्टिस्ट मर्यादा में रहे और जनता?" टोनी ने अपनी इस पोस्ट में सवालिया निशान लगाकर छोड़ दिया है। इस पोस्ट के कैप्शन में टोनी ने सिर्फ एक इमोजी का इस्तेमाल किया है जो अपना माथा पकड़े हुए है। अब टोनी ने भले ही पोस्ट में किसी घटना का जिक्र न किया हो, लेकिन उनकी इस पोस्ट को नेहा के साथ हुए घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है।

### एक और पोस्ट में पूछा- किसे ठहराया जाए दोषी

इस पोस्ट से कुछ देर पहले टोनी ने एक और पोस्ट अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक काल्पनिक स्थिति का जिक्र करते हुए पूछा है कि जब किसी व्यक्ति को उचित व्यवस्था के बिना किसी शहर में आमंत्रित किया जाता है तो इसके लिए किसे दोषी ठहराया जाएगा। टोनी ने अपने पोस्ट में लिखा, "मान लीजिए कि मैं आपको अपने शहर में एक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करता हूं और व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेता हूं। आपका होटल बुक करना, कार, हवाई अड्डे से आपको लेना और टिकट। अब कल्पना कीजिए कि आप वहां पहुंचते हैं तो पाते हैं कि कुछ भी बुक नहीं है। एयरपोर्ट पर आपको रिसीव करने के लिए कोई कार नहीं है, कोई होटल नहीं बुक है और न ही टिकट। ऐसी परिस्थिति में किसे दोषी ठहराया जाए?"

### नेहा के वायरल वीडियो से जोड़े जा रहे पोस्ट

अपनी इस पोस्ट के साथ टोनी ने कैप्शन में लिखा, "एक सवाल है, किसी के लिए नहीं है, बस एक सवाल है। काल्पनिक।" बेशक टोनी ने किसी घटना का जिक्र नहीं किया और न ही किसी का उल्लेख किया है। उन्होंने एक काल्पनिक परिस्थिति का ही जिक्र किया है, मगर नेहा के वीडियो वायरल होने के बाद टोनी के ये दोनों ही पोस्ट लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं और लोग इसे उसी घटना से जोड़कर देख रहे हैं।

## रान्या ने माना- सोने की खरीद के लिए हवाला के जरिये हुआ भुगतान, जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

सोना तस्करी मामले में इस महीने के शुरू में बंगलूरू एयरपोर्ट से गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने स्वीकार किया कि सोने की खरीद के लिए हवाला के जरिये पैसा भेजा गया। रान्या राव की जमानत पर सुनवाई के दौरान राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मंगलवार को अदालत में यह जानकारी दी। इस मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है और अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद राव की जमानत याचिका पर फैसला 27 मार्च तक सुरक्षित रख लिया है।



रान्या की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान डीआरआई की ओर से पेश वकील मधु राव ने कहा कि अधिकारियों ने अभिनेत्री के खिलाफ सीमा शुल्क की धारा 108 के तहत न्यायिक जांच का नोटिस दिया है। जांच का मकसद यह पता लगाना है कि इस मामले में किस हद तक वित्तीय अनियमितताएं हुईं और कानून का किस तरह उल्लंघन हुआ।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अब दो बार रान्या राव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। पहली बार ट्रायल कोर्ट और दूसरी बार आर्थिक अपराध मामलों की विशेष अदालत ने आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

बता दें कि कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी के रामचंद्र राव (छुट्टी पर भेजे गए) की सौतेली बेटी रान्या के 3 मार्च को दुबई से लौटने पर केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ की सोने की छड़ें जब्त की गई थीं। उसके बाद राव की घर की तलाशी के दौरान भी अधिकारियों को 2.06 करोड़ के आभूषण और 2.67 करोड़ की नकदी मिली थी।

# लंच के दौरान प्रोड्यूसर को फोर्क से मारना चाहती थीं कल्कि, जानिए क्या था पूरा मामला



अभिनेत्री कल्कि कोचलनि ने अपने साथ हुए एक वाकये को याद करते हुए बताया कि एक बार एक प्रोड्यूसर ने उन्हें हंसते समय उनके चेहरे पर पड़ने वाली झुर्रियों के लिए फिलर कराने की सलाह दी थी। जिसके बाद अभिनेत्री ने प्रोड्यूसर को भी कुछ वैसा ही जवाब दिया था। अभिनेत्री ने ये भी कहा कि वो अपने चेहरे में किसी तरह का बदलाव नहीं करना चाहती हैं, वो जैसी हैं उससे खुश हैं।

### कल्कि ने साझा किया किस्सा

बीबीसी के साथ हालिया बातचीत में एक पुरानी घटना को याद करते हुए कल्कि ने कहा, " हम लोग लंच कर रहे थे, तभी एक प्रोड्यूसर ने मुझसे कहा कि तुम्हें अपनी हंसी के लिए बस थोड़ा सा फिलर चाहिए।

मैं उसे वहीं अपने फोर्क से मारना चाहती थी, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मैंने उसे उत्तर दिया, ठीक है तो मुझे मुस्कुराना ही बंद कर देना चाहिए। मुझे लगता है कि इस बारे में मेरा नजरिया थोड़ा मजाकिया और थोड़ा गुस्से वाला है।

### महिलाओं के करियर पर ध्यान देने से खुश हैं कल्कि

कल्कि ने महिलाओं के ऊपर बढ़ते दबाव पर भी बात की, जिसे सोशल मीडिया और चेहरे की सुंदरता बढ़ाने वाले माहौल ने और भी बढ़ा दिया है।

हालांकि, उनका मानना है कि एक सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिला है, जिसमें महिलाएं अपना करियर बनाने पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। खासकर बच्चों की परवरिश करने के बाद। उन्होंने काम, परिवार और माता-पिता के बीच संतुलन बनाने के मुश्किल दौर को स्वीकार किया, लेकिन महिलाओं में उम्मीद की किरण भी देखी, जो नए अवसरों और करियर को अपना रही हैं।

# रोम में छुट्टियां मना रहीं गौरी खान, बताया पसंदीदा शहर



अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान रोम में छुट्टियां मना रही हैं। गौरी ने रोम को अपना पसंदीदा शहर बताया।गौरी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके साथ मां सविता और कुछ दोस्त भी नजर आए। वीडियो में इटरनल सिटी के खूबसूरत नजारे भी दिखे। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए गौरी खान ने कैप्शन में लिखा, प्रकृति, यात्रा, कला, फैशन और व्यक्तिगत अनुभव सभी प्रेरणा के बेहतरीन स्रोत हैं... मेरा पसंदीदा शहर रोम।बता दें, हाल ही में गौरी की बेटी सुहाना खान अपने खास दोस्त अगस्त्य नंदा के साथ एक रेस्टोरेंट में नजर आई थीं। अभिनेत्री डेनिम पैंट के साथ ब्लैक टॉप पहने रेस्टोरेंट से बाहर निकलती नजर आई थीं। उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश हैंडबैग, रिस्ट वॉच और खुले बालों के साथ पूरा किया।कुछ समय पहले सुहाना मुंबई में अगस्त्य के साथ डिनर डेट पर नजर आई थीं। दोनों के साथ अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन नंदा भी दिखी थीं। इन तीनों के रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।क्लिप में अगस्त्य और श्वेता को रेस्टोरेंट से बाहर निकलते और अपनी कार में बैठते हुए दिखाया गया, जबकि सुहाना को अपनी सवारी का इंतज़ार करते हुए देखा गया।बता दें, सुहाना और अगस्त्य ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस प्रोजेक्ट में खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, डॉट और युवराज मेंडा मुख्य कलाकार के रूप में नजर आए थे।2023 में ओटीटी पर रिलीज हुई 'द आर्चीज' 1960 के एनिमेटेड कार्टून 'द आर्ची शो' में दिखाई देने वाले काल्पनिक रॉक बैंड द आर्चीज' का रूपांतरण है।सुहाना खान जल्द ही सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' में पहली बार अपने पिता शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में अभिषेक बच्चन और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे। दूसरी ओर, अगस्त्य श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' में अभिनय करेंगे। वह फिल्म में परमवीर चक्र के सबसे कम उम्र के प्राप्तकर्ता अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाते नजर आएंगे।



## इस हनुमान जयंती दिखेगा बजरंगबली का संकटमोचन अवतार, यहां होगी सीरीज स्ट्रीम

एनिमेटेड वेब सीरीज 'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान' का अगला सीजन आगामी हनुमान जयंती पर स्ट्रीम किया जाएगा। यह सीरीज भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित है, जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण, देवी सीता और अन्य लोगों के जीवन को भी दर्शाया गया है। इसके पहले पांच सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया है। आइए जानते हैं यह कब से प्रीमियर होना शुरू होगा?

### इस तारीख से शुरू होगी स्ट्रीमिंग

'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान' का छठा सीजन 11 अप्रैल 2025 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होना शुरू होगा। इस दिन हनुमान जयंती का पर्व भी पड़ रहा है, जो इसके रिलीज में आध्यात्मिकता को जोड़ेगा। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया और लिखा, "इसमें भक्ति की शक्ति है, उसके लिए पर्वत भी हल्का है! इस हनुमान जयंती पर, बजरंग बली की ऐसी कथा देखें जैसा पहले कभी नहीं देखा! 'द लीजेंड्स ऑफ हनुमान' सीजन 6 के सभी एपिसोड 11 अप्रैल से सिर्फ जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहे हैं।"

### पर्वत लिए दिखे बजरंगबली

सामने आए ट्रेलर में बजरंगबली अपने संकटमोचन अवतार में दिखें। उन्होंने संजीवनी बूटी के लिए पूरा पर्वत उठा लिया। उनका यह रूप संकट को हरने वाला माना जाता है, जो भगवान राम के प्रति उनकी निष्ठा और भक्ति को दर्शाता है।

# 2025 में कौन सी जोड़ी बंधेगी शादी के बंधन में? जानिए किसके घर बज सकती है सबसे पहले शहनाई



बॉलीवुड से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक, कई मशहूर जोड़ियों की शादी की चर्चाएं जोरों पर हैं। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि 2025 में उनके पसंदीदा सितारे शादी के बंधन में बंधेंगे या नहीं। आइए, एक नजर डालते हैं उन जोड़ियों पर जो इस साल सात फेरे ले सकती हैं।

सबसे पहले बात करते हैं आदर जैन और आलेखा आडवाणी की। इस जोड़ी ने हाल ही में शादी कर ली है, जिससे उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। अब बाकी जोड़ियों की बारी है। अब देखना ये है कि इनमें से सबसे पहले किसके घर शहनाई बजती है। 2025 में कई सितारों की शादियों का साल बन सकता है। हालांकि, इनमें से किसी भी स्टार्स ने अपनी शादी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### ऋतिक रोशन और सबा आजाद

सबसे पहले बात करते हैं ऋतिक रोशन और सबा आजाद की। ऋतिक और सबा अक्सर एक दूसरे की इंस्टाग्राम पर लाइक और कमेंट करते हैं। दोनों ही लंबे समय से अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन दोनों को अक्सर एक साथ देखा जाता है। हो सकता है कि यह दोनों कथित तौर पर 2025 में शादी कर लें।

### तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा

तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा टीवी की दुनिया के फेवरेट कपल हैं। 'बिग बॉस' से शुरू हुई उनकी लव स्टोरी अब शादी तक पहुंच सकती है। फैंस को उम्मीद है कि इस साल इनके घर शहनाई बज सकती है।

### कृति सेनन और कबीर बाहिया

कृति सेनन और कबीर बाहिया भी कई बार पार्टी को लेकर चर्चा में रहते हैं। कृति के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर के साथ उनकी नजदीकियां कई बार सोशल मीडिया के जरिए सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हो सकता है कि 2025 में ये जोड़ी भी शादी कर ले।

### जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया

जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया का रिश्ता किसी से छुपा नहीं है। दोनों को कई बार सार्वजनिक जगहों पर एक साथ देखा गया है। कथित तौर पर दोनों जल्द शादी कर सकते हैं।

## राम चरण की आगामी फिल्म का हैदराबाद शेड्यूल हुआ पूरा, क्या अभिनेता ने जन्मदिन पर मिलेगा बड़ा अपडेट?



राम चरण की आगामी फिल्म की चर्चा इन दिनों हर ओर हो रही है। हाल ही में इस फिल्म का हैदराबाद शेड्यूल पूरा हुआ है। वहीं, अब आगे की शूटिंग दिल्ली में होने की बात सामने आई है।

राम चरण निर्देशक बुची बाबू सना की फिल्म में जल्द नजर आने वाले हैं। यह फिल्म काफी समय से सुर्खियों में है। यह एक गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित खेल ड्रामा है, जिसके लिए दर्शकों की उम्मीदें आसमान छू रही हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसे लेकर उत्साह चरम पर है। हर कोई यह जानने को बेताब है कि यह फिल्म क्या नया लेकर आएगी।

### हैदराबाद शेड्यूल हुआ पूरा

हाल ही में फिल्म की टीम ने हैदराबाद में एक अहम शूटिंग शेड्यूल पूरा किया। इस दौरान राम चरण, जगपति बाबू और कन्नड़ सुपरस्टार शिव राजकुमार के साथ कुछ बड़े सीन फिल्माए गए। ये सीन फिल्म की कहानी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। सूत्रों की मानें तो इस शेड्यूल ने फिल्म के मूड और टोन को सेट कर दिया है।

### अब दिल्ली में होगी शूटिंग

अब टीम अगले पड़ाव के लिए दिल्ली रवाना होने वाली है। वहां जामा मस्जिद और कुछ दूसरी खास जगहों पर जरूरी सीन शूट किए जाएंगे। इस शेड्यूल की और जानकारी जल्द ही सामने आएगी। फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में हैं।

### बर्थडे पर मिलेगा फैंस को तोहफा

फैंस के लिए एक और बड़ी खबर यह है कि फिल्म का नाम राम चरण के जन्मदिन, 27 मार्च 2025 को घोषित किया जाएगा। इस मौके पर एक शानदार इवेंट की तैयारी है। लोग यह देखने को बेकरार हैं कि राम चरण का लुक कैसा होगा। साथ ही, यह भी चर्चा है कि क्या फिल्म का नाम 'पेड्डी' होगा, जैसा कि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## आईपीएल के चौथे सबसे युवा कप्तान बने रियान पराग, नंबर 1 पर है ये भारतीय सुपर स्टार

नई दिल्ली(ए.)। आईपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले में रविवार की रात राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में रियान पराग ने एक नया इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार कप्तानी करते हुए अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया। 23 साल और 133 दिन की उम्र में वह आईपीएल के चौथे सबसे युवा कप्तान बन गए, और इस सफलता के साथ ही उन्होंने अपने से पहले के दिग्गज श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया। लेकिन क्या आपको पता है कि आईपीएल में सबसे कम उम्र का कप्तान कौन है? नहीं तो हम अपने इस लेख में आपको बताएंगे कि कौन है वह दिग्गज।

राजस्थान रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में चोटिल हो गए थे, जिसके चलते टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी रियान पराग को सौंपी गई। इस समय उनकी उम्र 23 साल और 133 दिन है, और वह पहली बार आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं। इससे पहले श्रेयस अय्यर ने 2018 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी, तब उनकी उम्र 23 साल और 142 दिन थी। इस मैच में कप्तानी करते हुए रियान पराग ने आईपीएल के इतिहास में चौथे सबसे युवा कप्तान बनने का गौरव हासिल किया और श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया।

# हीथर नाइट का विकल्प तलाश रही ईसीबी




लंदन (ए)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) महिला क्रिकेट टीम के लिए नये कप्तान की तलाश कर रहा है। वहीं पिछले नौ साल से कप्तान रही हीथर नाइट ने हाल ही में कप्तानी छोड़ दी थी। वह अब एक खिलाड़ी के तौर पर ही टीम में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी। 2016 में कप्तानी की भूमिका संभालने के बाद से नाइट ने 199 मैचों में इंग्लैंड टीम का कप्तानी करते हुए टीम को कई सफलताएं दिलायी हैं। नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड ने घरेलू धरत पर 2017 में भारत को हराकर विश्व कप जीता था। इसके अलावा उनके नेतृत्व में दो अन्य आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में टीम खेली। नाइट की कप्तानी में ही इंग्लैंड ने 134 मैच जीते और वह इंग्लैंड की दूसरी सबसे सफल कप्तान हैं।

नाइट की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने लगातार आठ एकदिवसीय सीरीज जीती। इसमें 2023 में घरेलू धरती पर एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया को हराना भी शामिल है। हालांकि, पिछले साल यूएई में हुए टी20 विश्व कप और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में हुए एशेज में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ईसीबी ने नए कप्तान की नियुक्त करने का फैसला किया है। नाइट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। वहीं इस पर नाइट ने कहा कि, पिछले 9 सालों से अपने देश की कप्तानी करना मेरे जीवन का सबसे बड़ी सम्मान रहा है और मैं अपने कार्यकाल को बहुत गर्व के साथ याद करूंगी। मुझे टीम का नेतृत्व करने की चुनौती पसंद है, लेकिन सभी अच्छी चीजें समाप्तहोती हैं और अब मेरा ध्यान खेल पर रहेगा।

## कप्तानी मिली तो संभालने तैयार हूं : रबाडा

मुम्बई (ए)। भारत में आईपीएल खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने कहा है कि अगर अब भी उन्हें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) कप्तान बनाता है तो वह ये जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। वह एक साथ कई भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार हैं। रबाडा ने एक साक्षात्कार में कहा, 'मुझसे कई बार कप्तानी को लेकर सवाल पूछा गया है।



इससे इसने मुझे इस पर विचार करने के लिए मजबूर किया है। मुझे लगता है कि इसके लिए मेरी ओर से कुछ परिपक्वता की आवश्यकता होगी पर अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका या किसी कोच द्वारा मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।

उन्होंने कहा, 'मैं पहले से ही सोच रहा था कि इसमें किस तरह का बदलाव होगा क्योंकि कप्तान बनने के बाद आप केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते क्योंकि तब आपको हर किसी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। और सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी। रबाडा ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसके लिए निश्चित रूप से परिपक्वता की जरुरत होगी और इसके लिए बहुत सारी योजनाएं भी बनानी होगी। इसलिए, अगर मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और रॉयल्स में मुकाबला

## शाम 7.30 बजे से होगा मैच

गुवाहाटी (ए.)। इंडियान प्रीमियर लीग में बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगे कयोंकि पहले मैच में इन्हें हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर को जहां शुरुआत मैच में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) वहीं राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया था। पहले मैच में दोनो ही टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायीं थीं। दोनो के ही बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे थे। सुनील नरेन के अलावा केकेआर का कोई भी गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों को रोक नहीं पाया। यहां तक कि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी विफल रहे थे।

ऐसे में अब वरुण का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। केकेआर की नजरें एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी आधारित रहेंगी। नोर्किया अगर फिट होते हैं तो उन्हें स्पेंसर जॉनसन की जगह शामिल किया जा सकता है। पहले मैच में कप्तान




अजिंक्य रहाणे और नारायण के आउट होने के बाद केकेआर की बल्लेबाजी ढ़ह गयी थी। ऐसे में इस बार का मध्यक्रम बिखर गया था। वेंकटेंश अय्यर और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज मध्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसके अलावा रिंकू सिंह से भी टीम को रनों की उम्मीद रहेगी। पिछले कुछ समय से उनका बल्ला खामोश है। आईपीएल के पहले मैच में भी वह केवल 12 रन बना पाए थे। वहीं दूसरी ओर रॉयल्स की हालत भी ठीक नहीं है। उसको अगर ये मैच जीतना है तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके मुख्य तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन दिये थे जबकि फजल हक फारूकी और महेश थीक्षाना जैसे गेंदबाज भी प्रभावी नहीं रहे थे। टीम की कप्तान कर रहे युवा रियान पराग को भी आत्मविश्वास से फैसल देने होंगे। टीम की बल्लेबाजी रियान के अलावा संजू सैमसन, वैभव सूर्यावंशी और शिमोन हिटमायर जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिटी सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारखंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती, चेतन सकारिया।

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

# अश्विन युवा स्पिनरों को देते हैं टिप्स : रचिन



चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने टीम के अनुभवी स्पिन आर अश्विन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम की अच्छी शुरुआत का श्रेय इस अनुभवी खिलाड़ी को दिया है। अश्विन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में हालांकि एक ही विकेट लिया था। रविंद्र ने कहा, ' अश्विन एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं। उनके अनुभव और क्रिकेट ज्ञान का लाभ टीम को मिलता है। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं और युवा स्पिनरों को टिप्स देते हैं । मैं उनको खेलते हुए देखकर बड़ा हुआ हूं और उनके साथ एक टीम में खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है।इस क्रिकेटर ने कहा, 'हमारे पास बहुत अच्छे स्पिन गेंदबाज हैं और हमारी टीम का संतुलन बहुत अच्छा है। अगर किसी दिन कोई गेंदबाज नहीं चल पाता है तो हमारे पास उसके लिए भी विकल्प हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अच्छी प्रगति कर रहे हैं और वह जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं।



## विदेश समाचार

# राष्ट्रपति जरदारी की लड़खड़ाती जुबान वाला वीडियो हुआ वायरल, लोगों ने जमकर उड़ाया मजाक



इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान दिवस पर पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भाषण दिया था। इस दौरान उनकी कई बार जुबान लड़खड़ा गई। जिसका वीडियो वायरल हुआ और लोगों ने जमकर मजाक उड़ाया।

भाषण के दौरान कई बार उनकी जबान लड़खड़ाई। 'कोशिश की जा रही है' को उन्होंने 'खुशी की चाह रही है कहा। वहीं, 'बेशुमार कुर्बानी'को वे 'समर कुर्बानी बता गए। भाषण में दिख रहा है कि जरदारी एक-एक शब्द को मुश्किल से पढ़ पा रहे थे। लंबे वाक्य को पढ़ने के दौरान कई बार उनकी सांस फूलती दिखी। उनकी स्पीच को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने मजाक बनाया, तो कइयों ने उनकी सेहत पर चिंता जताई है। भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित ने इसे हर पाकिस्तानी का मजाक बताया।अब्दुल बासित ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि जिस तरह से राष्ट्रपति जरदारी भाषण पढ़ने में बेबस दिखे, उससे उनके दिल को बहुत तकलीफ पहुंची है। प्रेसिडेंट पूरे मुल्क का नुमाइंदा होता है। ऐसे में उनका जो मजाक उड़ रहा है, वो कहीं ना कहीं हर पाकिस्तानी का मजाक है। मुझे अपने देश के प्रेसिडेंट को इस तरह से देखना तकलीफ पहुंचाता है।

अब्दुल बासित ने कहा, हम साफतौर पर देख रहे हैं कि जरदारी से एक-एक शब्द पढ़ना मुश्किल हो रहा था। ऐसा लग रहा था कि उन्हें खड़े होने में भी दिक्कत आ रही है। अगर वे बीमार थे तो उन्हें भाषण देने के लिए क्यों लाया गया।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी के ग्रीनलैंड विजिट का बायकॉट करेगा ग्रीनलैंड

वॉशिंगटन(ए)। इस माह 27 से 29 मार्च तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ग्रीनलैंड के दौरे पर पहुंचने वाली हैं। दौरे से पहले नया विवाद खड़ा हो गया है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने उषा वेंस की इस विजिट का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इस हाई प्रोफाइल विजिट को उकसाने वाला बताया है। एगेडे ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई डील की वजह से उषा वेंस की ग्रीनलैंड में अमेरिकी मिलिट्री बेस की विजिट को रोकना मुमकिन नहीं है, लेकिन अंतरिम सरकार अमेरिकी डेलिगेशन से नहीं मिलेगी।वहीं व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने कहा-इस यात्रा का उद्देश्य ऐसी साझेदारी का निर्माण करना है जो ग्रीनलैंड के आत्म निर्णय का सम्मान करे और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे। दो महीने पहले ट्रम्प के बड़े बेटे भी ग्रीनलैंड पहुंचे थे उषा वेंस के साथ अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ग्रीनलैंड पहुंचेंगे। इस विजिट से दो महीने पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर भी ग्रीनलैंड पहुंचे थे, तब उस विजिट को निजी यात्रा बताया गया था।

## आसमान में रहस्यमय रोशनी ने किया हैरान, लोग बोले एलन मस्क का कारनामा

लंदन(ए)। ब्रिटेन समेत यूरोप के कई देशों के आसमान में भी सोमवार को एक रहस्यमय चीज घूमती हुई दिखाई दी। यह एक सफेद सर्पिल आकृति थी। इसे देख कर हर कोई हैरान हो गया। लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके पीछे एलन मस्क का हाथ है।



दरअसल यह स्पेसएक्स के रॉकेट से जुड़ा हो सकता है। कुछ लोगों ने इस अद्भुत नजारे की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर कहा कि उन्हें लगा कि जैसे एलियंस आ गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अजीब आकृति रॉकेट के दूसरे चरण से निकले हुए ईंधन के जमने से बनी है। यह प्रकाश के कारण चमक रहा है, इसलिए धरती पर दिखाई देता है। दरअसल फॉल्कन 9 रॉकेट को बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है। अंतरिक्ष से वापस आने के दौरान रॉकेट बचा हुआ ईंधन बाहर निकालता है। रॉकेट की गति के कारण यह सर्पिल पैटर्न में तुरंत जम जाता है। ईंधन पहले बर्फ में बदलता है और फिर जलवाष्प में। इसके बाद यह ऊपरी वायुमंडल में सूर्य की रोशनी से चमकता है। स्पेसएक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'फाल्कन 9 रॉकेट को आज एनआरओएल-69 मिशन के लिए लॉन्च किया गया।' माना जा रहा है कि आसमान में चमकती आकृति इसी लॉन्च के बाद बनी है।

# भारत में बढ़ेंगे तेल के दाम!

## ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का किया एलान



वाशिंगटन/ह्यूस्टन(ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप ने इन देशों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का फैसला लिया है। वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ के एलान से भारत और चीन जैसे देश प्रभावित हो सकते हैं। गवेनेजुएला की सरकार ने कहा कि वेनेजुएला ट्रंप के नए आक्रमण को दृढ़ता से और स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। यह वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले किसी भी देश पर 25 फीसद द्वितीयक टैरिफ लगाने का इरादा रखता है। यह मनमाना, अवैध और हताश करने वाला उपाय है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि वेनेजुएला के तेल के खरीदारों पर लगाया जाने वाला द्वितीयक टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होगा। उन्होंने सोमवार को बाद में संवाददाताओं से कहा कि टैरिफ मौजूदा टैरिफ के अतिरिक्त होंगे। टैरिफ के एलान के बाद तेल की कीमतों में लगभग 1 फीसदी का इजाफा हुआ।फरवरी में चीन ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिदिन लगभग 503,000 बैरल कच्चा तेल और ईंधन वेनेजुएला से खरीदा। यह वेनेजुएला के कुल निर्यात का लगभग 55 फीसदी है। चीन के अलावा भारत, स्पेन, इटली और क्यूबा जैसे देश भी वेनेजुएला से तेल खरीदते हैं। वहीं वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने ट्रंप के प्रतिबंधों को खारिज कर दिया। उनका कहना है कि ये अवैध उपाय हैं।

## न्यूजीलैंड में भूकंप से कांपी धरती, रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गई तीव्रता; मचा हड़कंप

वेलिंगटन (ए.)। न्यूजीलैंड में भूकंप के भीषण झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई है। ये भूकंप दक्षिण द्वीप न्यूज़ीलैंड के पश्चिमी तट पर आया है। बता दें कि रिक्टर पैमाने पर 6 से 6.9 के बीच की तीव्रता का मतलब ये होता है कि इससे किसी इमारत का बेस दरक सकता है। फिलहाल, इसमें किसी तरह के हताहत की सूचना नहीं है।

दोपहर निचले दक्षिण द्वीप पर भूकंप आने के बाद सभी को इमरजेंसी मैसेज अलर्ट भेजा गया। भूकंप 2.43 बजे आया। आपातकालीन प्रबंधन और रिकवरी मंत्री मार्क मिशेल ने कहा कि अलर्ट दक्षिण द्वीप के निचले हिस्से के लिए जारी किया गया था। यूएसजीएस के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया प्लेट का पूर्वी किनारा ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत प्लेटों के बीच अभिसरण की ज्यादा दर होने के कारण दुनिया के सबसे अधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कोई भी अपने घर से बाहर न निकले। तटरेखा के पास भूकंप आने का फिर से खतरा है। भूकंप पृथ्वी की सतह पर होने वाली प्राकृतिक घटनाएं हैं, जो मुख्य रूप से पृथ्वी की आंतरिक संरचना में होने वाले तनाव और गतिविधियों के कारण आते हैं। भारत में भूकंप का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में टेक्टोनिक गतिविधियां हैं। भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच टकराव के कारण यहां तनाव होता है। यही वजह है कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत भूकंप के लिहाज से संवेदनशील हैं। टेक्टोनिक प्लेटों के हिलने, टकराने, चढ़ाव, ढलाव से लगातार इन प्लेटों के बीच तनाव बनता रहता है।

# अमेरिकी प्रशासन की बड़ी चूक! शीर्ष अधिकारियों की हूती विद्रोहियों पर हमले को लेकर चैट हुई लीक

वाशिंगटन (ए)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने यमन के हूती समूह के खिलाफ सैन्य हमलों की योजना पर एक व्यावसायिक मैसेजिंग सेवा पर विस्तृत चर्चा की। कई समाचार रिपोर्टों के अनुसार, अधिकारियों ने भी इस चर्चा की पुष्टि की है।ये चर्चा कई दिनों तक चली और इसमें हमले की पूरी जानकारी, हथियारों का इस्तेमाल और समय की बात हुई। गलती से इस ग्रुप में द अटलांटिक मैगजीन के संपादक जेफरी गोल्डबर्ग को भी जोड़ दिया गया।इन चर्चाओं को करने वाले अधिकारियों ने सिग्नल नाम की एक सुरक्षित मैसेजिंग सेवा का इस्तेमाल किया। इसमें उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज, सीआईए निदेशक जॉन रेडक्लिफ और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड शामिल थीं। एक व्यक्ति जिसे एमएआर कहा गया, माना जाता है कि वह विदेश सचिव मार्को रुबियो थे।चर्चा के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। मैं अटलांटिक का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं



हूं। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने द अटलांटिक द्वारा प्रकाशित चर्चाओं की प्रामाणिकता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, अभी तक, जो मैसेज थ्रेड की खबर आई है, वह सच लगती है। हम यह देख रहे हैं कि गलती से कोई नंबर उसमें कैसे जुड़ गया।उन्होंने आगे कहा, ये थ्रेड दिखाता है कि बड़े अधिकारियों के बीच नीति पर गहरी और सोची-समझी समन्वय था। हूती ऑपरेशन की लगातार सफलता बताती है कि हमारे सैनिकों या राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था।ट्रंप प्रशासन द्वारा हूतियों के खिलाफ पहला अमेरिकी हमला 15 मार्च को शुरू हुआ, जब हूती विद्रोहियों ने गाजा की नाकाबंदी को लेकर इजरायल के खिलाफ हमले फिर से शुरू करने की धमकी दी थी।ये हमले सप्ताहांत में और अधिक होने के साथ जारी रहे और सोमवार तक चले।हूती समूह ने नवंबर 2023 से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में करीब 100 व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया है।

# कलेक्टर-सीईओ ने जिले भर से आए 93 नागरिकों की सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**परिवार के बुजुर्गों की सलाह से आपसी विवाद का हल निकाले- कलेक्टर**

**जनसुनवाई में ट्राई के नियम का उल्लंघन कर मोबाइल टावर निर्माण की शिकायत आई**



सीहोर (निप्र)। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले भर से आए 93 नागरिकों की जनसुनवाई की और निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन आपसी विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, रास्ता विवाद, पात्रता पर्ची, प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### परिवार के बुजुर्गों की सलाह से आपसी विवाद का हल निकाले

जनसुनवाई में हर मंगलवार को कई ऐसे पारिवारिक मामले आते हैं जिनका आपसी चर्चा से हल निकल सकता है। परिवार के सदस्यां के मतभेद एवं विवादों के निराकरण में परिवार के बड़े-बुजुर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसलिए पहले अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गों से बात करें। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने जन सुनवाई में आए सीहोर निवासी राहुल से कही। राहुल ने आवेदन देते हुए कलेक्टर बालागुरू के. को बताया कि उसकी पत्नी ढेड़ साल पहले मायके गई तब से वापस नहीं आई।

### नौकरी के लिए सरकार द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है

जनसुनवाई में नौकरी की गुहार लगाने वाली आष्टा निवासी आशा से कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सभी शासकीय विभागों में नौकरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही भर्तियां होती हैं। इसके आलावा आशा द्वारा अपने स्व. पति की नगर पालिका में स्वीकृत राशि की मांग पर कलेक्टर ने कार्यवाही के निर्देश दिए।

### ट्राई के नियम का उल्लंघन कर मोबाइल टावर निर्माण की शिकायत

जनसुनवाई में पहुंचे आष्टा तहसील के ग्राम अरनिया निवासी गब्बर सिंह ठाकुर ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि मेरे घर के पास मोबाइल टावर का निर्माण किया जा रहा है। मोबाइल कंपनी द्वारा ट्राई (आबादी क्षेत्र से 75 मीटर दूर) के नियम का उल्लंघन करते हुए सघन आबादी क्षेत्र में किया जा रहा है। गब्बर ने बताया मोबाइल कंपनी को टावर निर्माण के लिए खसरा क्रमांक 226/04 पर निर्माण की अनुमति दी गई थी। लेकिन कंपनी द्वारा अनुमति वाले खसरे पर निर्माण न करते हुए खसरा क्रमांक 241/4 पर किया जा रहा है।

# विशेष अभियान के तहत की गई 94 छात्राओं की ओरल हेल्थ जांच

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व ओरल स्वास्थ्य दिवस के तहत ओरल हेल्थ की जांच एवं जागरूकता के लिए 20 मार्च से 30 मार्च तक 10 दिवसीय विशेष आभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों की दांतों से संबंधित बीमारियों की जांच की जा रही है तथा उन्हें इस बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी, वृद्धाश्रम सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर जांच की जा रही है तथा आमजन को दांतों की बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सीहोर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में कैंप आयोजित किया गया। कैंप में डॉ नेहा सिंह एवं डॉ सोनल डागा द्वारा 94 छात्राओं का मुख परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान कुछ बालिकाओं को डेंटल क्राइसिस पाई गई, जिन्हें जिला चिकित्सालय मे इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तंबाखू नियंत्रण अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने तंबाकू से होने वाले नुकसान एवं इससे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य जीएल जैन सहित शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

# राणा सांगा पर विवादित बयान का विरोध,सपा सांसद रामजीलाल के खिलाफ महासभा ने किया पुतला दहन



सीहोर (निप्र)। श्री क्षत्रिय राजस्थान राजपूत महासभा ने मंगलवार को सीहोर में राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने वाले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया। शहर के टाकीज चौराहे पर राजपूत समाज के लोग एकत्रित हुए जिन्होंने महाराणा सांगा को भारत की संसद में अपमानित करने वाले समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया एवं संसद से बर्खास्त करने की मांग की इस अवसर पर श्री क्षत्रिय राजस्थान राजपूत महासभा के प्रदेश प्रभारी गजराज सिंह तंवर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग एकत्रित हुए जिनकी उपस्थिति में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया गया इस अवसर पर श्री क्षत्रिय राजस्थान राजपूत महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में सीहोर के लिए लिसा टाकीज चौराहे पर सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया गया और सांसद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि राणा सांगा देश के इतिहास में महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं। खानवा के युद्ध में उन्हें 80 घाव लगे थे। यह गौरव गाथा राजस्थान में आज भी सम्मान के साथ याद की जाती है। उन्होंने सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग भी की है।

इस मौके पर राजपूत समाज के करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान, लखन सिंह राजपूत भटोनी, राजा सिंह गोहिल, बाबूलाल राजपूत छापरी, धरम सिंह सरपंच भटोनी,ठाकुर सिंह राजपूत, दीपक सिंह आनंदीपुरा, विजेंद्र सिंह सिसोदिया, अखिलेश प्रताप सिंह डोडिया, विनोद सिंह सिसोदिया, विजेंद्र सिंह देवड़ा, जगदीश सिंह राजपूत, विजेंद्र सिंह भटोनी, रवि राजपूत ओमश्री, राजेश सिंह केलवा आदि समस्त राजपूत समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अश्वगंधा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले के आयुष विभाग द्वारा अश्वगंधा कैंपेन के तहत सीहोर जिले के ग्राम झरखेड़ा स्थित पाराशर आयुर्वेद महाविद्यालय में अश्वगधा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में अश्वगंधा के पौधे के लाभ एवं औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही अश्वगंधा की खेती के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में किसानों, छात्रों एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों को अश्वगंधा के पौधे भी वितरित किये गये। इस अवसर पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर जिला आयुष अधिकारी अधिकारी डॉ नरेन्द्र सिंह लोधी सहित अन्य अधिकारी, विशेषज्ञ, विद्यार्थी, किसान एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# कुबेरेश्वरधाम पर पहले दिन हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को निशुल्क रुद्राक्ष वितरण किया



सीहोर ( निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार से रुद्राक्ष वितरण का क्रम जारी हो गया है। पहले दिन यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को क्रम अनुसार आसानी से विठलेश सेवा समिति के पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने निशुल्क भोजन प्रसादी और रुद्राक्ष का वितरण कराया। धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से रुद्राक्ष और भोजन प्रसादी और शीतल पेय की व्यवस्था की गई है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा इन दिनों छत्तीसगढ़ में कथा में रुद्राक्ष वितरण को लेकर निर्देश दिए थे। इसके पश्चात समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग से वितरण आरंभ किया है।

मंगलवार की सुबह पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने यहां पर रुद्राक्ष वितरण का श्रीगणेश किया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी शामिल थे। मंगलवार को एकादशी के पावन अवसर पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सुबह आरती की गई। इस मौके पर समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य मौजूद थे।

यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति के द्वारा निशुल्क भोजन प्रसादी के अलावा दोपहर में शीतल पेय का वितरण किया जाएगा। धाम पर मशीनों के द्वारा कुछ ही देर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन बनकर तैयार हो जाता है। मंगलवार को भी भोजनशाला से करीब 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरण की गई।

### पर्यावरण पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यार्थियों ने मनाया विज्ञान दिवस

सीहोर (निप्र)। विज्ञान दिवस के अवसर पर म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, द्वारा प्रायोजित एवं सेशल वेलफेयर सोसायटी भोपाल द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्लास्टिक बेग को बेन करने पर चित्रकला प्रतियोगता में कई विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसे ब्लू स्टार मिडिल स्कूल रोशनपुरा नाका, भोपाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी डॉ. रेणु राय एवं डॉ. बृजेश शर्मा की उपस्थिति में किया गया। मो. फारूक खान एवं डॉ. रेणु राय प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। इस अवसर पर समिति सचिव सलीम अहमद जी एवं साजिदा खान भी उपस्थित थे।

# वार्ड क्रमांक 26 में रोजा अफतारी कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेसजन



सीहोर (निप्र)। रमजान माह के पाक महिने में मुस्लिम समाज द्वारा रोजा रख देश व जनमानस की सुखसमृद्धि की दुआ कर रहे मुस्लिम भाईयों के द्वारा वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद प्रतिनिधि हसीन कुरैशी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता के मुख्य आतिथ्य में वार्ड में रोजा अफ्तारी का आयोजन रखा गया। जिसमें राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, विवेक राठौर, आशीष गेहलोत, पार्षद घनश्याम यादव, पार्षद आजम बेग, लतीफ उर रेहमान, हफीज चौधरी, वसीम भाई, पार्षद मुस्तफा अंजुम, मो.फजल कुरैशी, अलाउद्दीन सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने रोजा अफ्तारी की एंव देश के लिए सुखसमृद्धि व अमनचेन की कामना की।

# सरकारी जमीन पर कर लिया कब्जा

**कामरेड ने की कब्जा हटवाने की मांग**

सीहोर (निप्र)। जिले के एक मात्र कामरेड अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव ने शासकीय भूमि से अतिक्रमणकर्ताओं कब्जा हटवाने की मांग की है। जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कामरेड ने कलेक्टर से मदद की गुहार लगाई है।

बराडी खुर्द तहसील दोराहा के कामरेड प्रहलाद दास बैरागी ने बताया की क्षेत्र के नंदकिशोर, नारायण दास, कोमल दास ने शासकीय जमीन पर अवैध मकान का निर्माण कर सरकारी रास्ता रोक लिया है। जिस कारण पुरातत्व महत्व की धरोहर बावड़ी खतरे में पड़ गई है। उन्होने अबैध अतिक्रमणकर्ताओं को हटवाने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।


**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला-सीहोर ( म.प्र. )**

सीहोर, दिनांक 12/03/2025

**---000जाहिर सूचना000---**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि थाना शाहगंज के अपराध क्रमांक 191/2024 म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) में जप्तशुदा वाहन सफेद रंग की इंडिगा कार क्रमांक MP-20-CB-9369 एवं 117 लीटर विदेशी मदिरा के राजसात करने बावत माननीय न्यायालय कलेक्टर सीहोर जिला सीहोर से जारी कारण बताओं सूचना पत्र पृष्ठांकन क्रमांक 2753/रीडर-1/25, सीहोर दिनांक 11.03.2025 को जारी कर उक्त प्रकरण में श्री आयुष वैद्ध आ0 सीताराम वैद्ध निवासी- बिन्द्र वाली गली, जादूगर मेडम के बाजू में, सूरजगंज वार्ड न. 14 इटारसी होशंगाबाद म.प्र. को माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीहोर द्वारा नियत दिनांक 01.04.2025 को पूर्वान्ह उपस्थित होने हेतु सूचित किया जाता है।

अत: उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीहोर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।

जी/24745/24

जिला आबकारी अधिकारी
जिला सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेसजनों ने दी राजीव गुजराती को बधाई व शुभकमनाऐं



सीहोर ( निप्र )। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के गरिमा पूर्ण पद का सफलता पूर्वक दायित्व संभालते हुए राजीव गुजराती को सोमवार, 24 अप्रैल 2025 को एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत सम्मान कार्याक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री गुजराती का पुष्पहारों से भव्य स्वागत करते हुए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाऐं एवं बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि आगे भी आप पुरे जोश व सक्रीयता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर कांग्रेस पार्टी को ऊचाईयाँ प्रदान करेगें। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील दुबे ने किया व आभार भगत सिंह तोमर ने व्यक्त किया। धाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से रमेश गुप्ता, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, राकेश वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राकेश वर्मा, राजेश यादव भूरा, विवेक राठौर, ओम बाबा राठौर, घनश्याम यादव, कमलेश चाण्डक, नरेन्द्र खंगराले, सीताराम भारती, तुलसी राठौर, विनीत गोयल, घनश्याम मीणा, मनोज परमार, रामायण प्रसाद शुक्ला, के.के.रिछारिया, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, सोनू विश्वकर्मा, दशरथ यादव, यश यादव, हरिओम सिसोदिया, अभिषेक लोधी, अंकित कौशल, शुभम त्यागी, राहुल गोस्वामी, अरूण परमार, अक्षत सेंगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बीएसआई मैदान पर जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट ट्राफी का शुभारंभ

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में मंगलवार से जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट ट्राफी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और ट्राफी के सचिव वीरु वर्मा ने शुभारंभ किया। पहले दिन दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच कृष्णा ब्लास्टर-साइबेरिया पैंथर के मध्य खेला गया। जिसमें कृष्णा ब्लास्टर ने एक तरफा मुकाबले में पैंथर को 61 रन के अंतर से हराया। वहीं दूसरा मुकाबला सीहोर सुपर किंग और काका लायंस के मध्य हुआ था। जिसमें सीहोर सुपर किंग ने यह मैच 6 रन से जीता।पहले मैच में कृष्णा ब्लास्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 155 रन बनाए थे। इसमें हिमांशु चंद्रवंशी ने 17 रन, विलाल ने 12 रन, अंशुल सोनी ने 78 रन, अंशुल राठौर ने 28 रन की पारी खेली। इधर साइबेरिया पैंथर की ओर से गेंदबाजी करते हुए केशवादित्य गोहिया ने 2 विकेट और गौरव मेवाड़ा ने 1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पैंथर की पूरी टीम 18.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 94 रन ही बनाए थे। इसमें वीर गावा ने 30 रन की पारी खेली।

**सीहोर सुपर किंग 6 रन से विजय**

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मैच सीहोर सुपर किंग और काका लायंस के मध्य रोमांचक रहा। इस मैच में किंग ने काका लायंस को 6 रन से हराया था। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते सीहोर सुपर किंग ने 7 विकेट खोकर 172 रन बनाए थे। इसमें सक्षम ने 63 रन, उर्स भारती ने 27 रन, इशान ने 44 रन और नमन ने 11 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काका लायंस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 166 रन ही बना सकी। इसमें दिपेश सेन ने 112 रन की शतकीय पारी खेली। उक्त ट्राफी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के सहयोग से कराई जा रही है।


**कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )**

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-1207/ खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनाँक 20/03/2025

**म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **आदित्य कुमार तिवारी, आ. श्री काशीनाथ तिवारी, निवासी एफ-6/67, विनायक होम्स, अशोका गार्डन मयूर विहार कालोनी, हुजूर, गोविंदपुरा भोपाल** द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **26.12.2024** को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु **प्रथम सूचना क्रमांक 365 दिनांक 05.02.2025** प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | आबिदाबाद | 186/1 | 1.801 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 1.801 हे. में से 1.801 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 1.801 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

उप संचालक
खनिज प्रशासन
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

जी/24724/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्टोट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com